




# दैनिक सांध्य प्रकाश

वर्ष 52/ अंक 172/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 28 जनवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in





# गुर्जरों से हमारा गहरा नाताः मोदी



## भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए प्रधानमंत्री

**भीलवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुर्जरों के आराध्य भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने भीलवाड़ा पहुंचे। मालासेरी डूंगरी में उनके दर्शन के बाद मोदी ने गुर्जरों से कहा कि आपका और हमारा गहरा नाता है। भगवान देवनारायण का जन्म कमल पर हुआ है और हमारी तो पैदाइश ही कमल से है। उन्होंने कहा कि यह संयोग है कि देवनारायण के जन्म का 1111वां वर्ष और भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिली है। जी-20 के लोगो में दुनिया को कमल पर बैठाया है।

मोदी ने यहां एक बड़ी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भगवान देवनारायण का बुलावा आए तो कोई मौका नहीं छोड़ता, इसीलिए मैं हाजिर हो गया। ये कोई प्रधानमंत्री यहां नहीं आया है, मैं पूरे भक्तिभाव से आप ही की तरह एक यात्री के रूप में आशीर्वाद लेने आया हूं। उम्मीद जताई जा रही थी कि मोदी देवनारायण मंदिर का कॉरिडोर बनाने की घोषणा कर सकते हैं, लेकिन उन्होंने कोई घोषणा नहीं की। उन्होंने कहा- मुझे यज्ञशाला में पूर्णाहुति में देने का भी सौभाग्य मिला। मेरे लिए यह भी सौभाग्य का विषय है कि मुझे जैसे सामान्य व्यक्ति को आज आपके बीच आकर भगवान देवनारायण का और उनके भक्तों का आशीर्वाद प्राप्त करने का पुण्य मिला है।

## सांध्यप्रकाश विशेष

# नमामि देवि नर्मदे

माँ नर्मदा जी के अवतरण दिवस की आप सभी को हार्दिक शुभकामनायें और बधाई माघ मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को नर्मदा का धरती पर अवतरण हुआ था, इसलिए इस दिन को नर्मदा जयंती या नर्मदा प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। भगवान शिव जी के पसीने से उत्पन्न हुई थीं नर्मदा, इनके दर्शन मात्र से मिलता है गंगा स्नान के बराबर पुण्य मिलताहै। नर्मदा के धरती पर आगमन को लेकर कई कथाएं और मान्यताएं प्रचलित हैं। एक प्रचलित मान्यता के अनुसार नर्मदा शिव की पुत्री हैं, जिन्हें अविनाशी होने के वरदान के साथ स्वयं भगवान शिव ने धरती पर भेजा था। एक अन्य मान्यता के अनुसार अमरकंटक की पहाड़ी पर ध्यान में लीन भगवान शंकर के पसीने की बूंदों से नर्मदा नदी का जन्म हुआ। एक तीसरी कहानी है, जिसके अनुसार राजा पुरूरव ने अपने पूर्वजों को मोक्ष दिलाने के लिए भगवान शंकर की तपस्या की। पुरूरव की तपस्या के प्रसन्न होकर जब भगवान ने वरदान मांगने के लिए कहा तो राजा ने नर्मदा को धरती पर भेजने का वरदान मांग लिया। भगवान शंकर के निर्देश पर नर्मदा स्वर्ग से धरती पर उतर गईं। यही कारण है कि नर्मदा को शंकरी नदी भी कहा जाता है। **नर्मदे हर..**



## मुख्यमंत्री के पौधारोपण के दो साल...




नर्मदा जयंती पर शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के दो साल पूरे हो जाएंगे। चौहान ने वर्ष 2021 में नर्मदा जयंती (19 फरवरी) पर प्रतिदिन पौधारोपण का संकल्प लिया था। वह स्वयं रोज पौधा रोपने के साथ ही दिन की शुरुआत करते हैं। यह धीरे-धीरे जन अभियान का रूप लेता जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिदिन काम करने वाले वह देश के एकमात्र मुख्यमंत्री हैं। पौधारोपण के माध्यम से हरे-भरे मध्य प्रदेश का संदेश देते हुए शिवराज सरकार ने अंकुर अभियान का पोर्टल भी प्रारंभ किया है, जिससे 61 लाख से अधिक नागरिक जुड़े और पौधारोपण करने की जानकारी फोटो सहित दी। यह अभियान सतत जारी है। विशेष बात है कि शिवराज देश-विदेश कहीं रहें, दिन की शुरुआत पौधारोपण के साथ ही करते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए उनका संकल्प अब कई देशों तक संदेश दे रहा है। इसकी झलक बीते दिनों इंदौर में आयोजित प्रवासी भारतीय दिवस समारोह और ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के दौरान भी देखने को मिली, जब विभिन्न देशों से आए मेहमानों ने ग्लोबल पार्क में एक साथ पौधारोपण किया।

## नीना गुप्ता की बेटी मसाबा की शादी

नीना गुप्ता की बेटी मसाबा गुप्ता ने शादी कर ली है। मसाबा पिछले काफी समय से बॉलीवुड एक्टर सत्यदीप मिश्रा को डेट कर रही थीं. अब फैशन डिजाइनर ने ऐलान किया है कि उन्होंने इंटीमेट सेरेमनी में आज सुबह बॉयफ्रेंड से शादी रचा ली है. मसाबा और सत्यदीप की शादी के फोटो भी सामने आ गए हैं. शो के दौरान हुआ दोनों को प्यार मसाबा गुप्ता को नेटफिलक्स की पॉपुलर सीरीज मसाबा मसाबा में देखा गया था। इस ही शो में उनके पति का किरदार सत्यदीप ने निभाया था. शो के सेट्स पर दोनों की मुलाकात हुई और फिर प्यार हो गया. अब मसाबा और सत्यदीप की शादी हो गई है. दोनों की उम्र में 18 साल का फासला है। चित्र में नीना गुप्ता अपने पति विवेक मेहरा के साथ नज़र आ रही हैं जबकि मसाबा के जैविक पिता इसाक विवियन अलेक्जेंडर रिचर्ड्स बेटी के साथ खड़े नजर आ रहे हैं।




# सोशल मीडिया ने भारत के जीवन मूल्य, परम्पराएं और हमारे धर्म को स्थापित कियाः शिवराज

## उज्जैन सोशल मीडिया कान्क्लेव में हुए शामिल



**उज्जैन।** सीएम शिवराज सिंह चौहान आज उज्जैन के विक्रम कीर्ति मंदिर में आयोजित सोशल मीडिया कान्क्लेव में शामिल हुए। सीएम शिवराज के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, मुरलीधर राव, उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव और सांसद अनिल फिरोजिया भी इसमें मौजूद रहे।

सीएम शिवराज ने कहा कि सोशल मीडिया ने भारत के जीवन मूल्य, परम्पराएं, महापुरुष और हमारे धर्म को इस तरह स्थापित किया है कि जो पहले प्रभु राम के अस्तित्व को नकारते थे, अब राम नाम की माला जप रहे हैं। माथे पर त्रिपुंड लगाकर महाकाल महाराज के चरणों में लेटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी प्राचीन एवं धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार की शुरुआत की गई। हमारे सभी धार्मिक स्थल अपने पुराने वैभव के साथ दमक रहे हैं। महाकाल मंदिर में दर्शन- पूजन के बाद महाकाल लोक अवश्य जाएं। सारे विश्व को आत्मवत् सर्वभूतेषु का भाव देने वाले हम हैं। आज जी 20 की थीम वसुधैव कुटुंबकम की है। हमने यह माना कि एक ही चेतना समस्त जड़ और चैतन्य में अनुसूचित है। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि पब्लिक सर्विस डिलिवरी गारंटी एक्ट सबसे पहले मध्य प्रदेश ने बनाया, जिसे संयुक्त राष्ट्र संघ ने पुरस्कृत किया है।



**नर्मदा जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई -** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदा जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने संदेश में कहा कि आज प्रदेश की जीवन रेखा माँ नर्मदा जी की जयंती है। माँ नर्मदा जी के चरणों में प्रणाम करके नर्मदा मैया से यही प्रार्थना है कि हे नर्मदा मैया, मध्य प्रदेश वासियों पर कृपा की वर्षा करते रहना। आपके कारण मध्यप्रदेश के खेतों में अच्छी सिंचाई हो रही है। अन्नदाता ने अन्न के भंडार भर दिए हैं। नर्मदा मैया की कृपा और आशीर्वाद प्रदेशवासियों पर सदा बना रहेगा।

# भारत जोड़ो यात्राः सुरक्षा को लेकर खरगे ने अमित शाह को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारत जोड़ो यात्रा में शामिल यात्रियों को समुचित सुरक्षा देने की मांग को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने चिट्ठी में कांग्रेस पार्टी की तरफ से कई मांगें रखी हैं। खरगे ने इस मामले में अमित शाह से व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने की अपील की है और संबंधित अधिकारियों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के लिए निर्देश जारी करने के लिए भी कहा है। बता दें कि शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा कारणों के चलते राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा को स्थगित कर दी थी।

खरगे ने चिट्ठी में लिखा कि मैं आपको यह पत्र आज भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण सुरक्षा चूक के संबंध में लिख रहा हूं, जिसके बारे में आप पहले से ही जानते होंगे। राहुल गांधी की सुरक्षा व्यवस्था के प्रभारी सुरक्षा अधिकारियों की सलाह पर यात्रा को शुक्रवार को स्थगित करना पड़ा। हम जम्मू-कश्मीर पुलिस की सराहना करते हैं और उनके बयान का स्वागत करते हैं क्योंकि उन्होंने यात्रा के समापन तक पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने का भरोसा दिया है।



# मुरैना के पास सुखोई और मिराज फाइटर प्लेन क्रैश, एक की मौत



**मुरैना।** पहाड़गढ़ से करीब पांच किमी दूरी निरार रोड पर मड़वाली माता के पास सुखोई 30 और मिराज फाइटर प्लेन क्रेश हो गए। इस घटना में एक की मौत और दो के घायल होने की जानकारी मिल रही है। दो पायलेट पैराशूट से उतरे। भारतीय वायुसेना ने ट्वीट कर कहा कि दो फाइटर प्लेन ग्वालियर के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। यह दोनों रुटिन ट्रेनिंग मिशन पर थे। इसमें तीन पायलट सवार थे, दुर्घटना किस वजह से हुई इसकी जांच के निर्देश दिए गए हैं।

घटनाक्रम के मुताबिक पहाड़गढ़ क्षेत्र के लोगों को जंगल में तेज आवाज सुनाई दी। जब वे मौके पर पहुंचे तो वहां पर एक विमान क्रेश हुआ था और उसमें आग लगी हुई थी। घटना की आधिकारी सूचना इंटरनेट मीडिया पर दी गई है। लेकिन अधिक जानकारी नहीं दी गई है। घटनाक्रम के मुताबिक सुबह पहाड़गढ़ क्षेत्र के लोगों को जंगल में तेज आवाज के साथ धमाका सुनाई दिया। जब लोग मौके पर पहुंचे तो फाइटर प्लेनो में आग लगी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके के लिए पुलिस व प्रशासन के अफसर पहुंच रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पहाड़गढ़ क्षेत्र में पहले भी दो मिराज फाइटर प्लेन क्रेश हो चुके हैं। दुर्घटना को लेकर सीएम शिवराज सिंह ने भी ट्विट किया है।

बताया जाता है कि सुखोई और मिराज के बीच भिड़ंत हुई। इसके बाद एक विमान से दो पायलेट पैराशूट से उतरते हुए लोगों को दिखाई दिए। साथ ही एक के बाडी पार्ट मौके पर बिखरे हुए भी दिखे।

भिड़ंत के दौरान दोनों फाइटर प्लेन में आग लग गई। जब जंगल में गिरे तो फाइटर प्लेन के पार्ट्स में आग लगी हुई थी। घटना के बाद आसपास क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए।

# मुरैना जेलर के यहां लोकायुक्त का छापा

**मुरैना।** मुरैना जेल में पदस्थ डिप्टी जेलर हरिओम पाराशर के घर पर लोकायुक्त ने छापा मारा है। पहले लोकायुक्त की टीम उनके ग्वालियर के गोले के मंदिर स्थित 21 कृष्णा अपार्टमेंट पहुंची तथा छानबीन शुरु कर दी। उसके बाद दूसरी टीम मुरैना स्थित उनके शासकीय आवास पर पहुंची लेकिन वे वहां नहीं मिले। टीम के सदस्य वह सुबह से डेरा डाले रहे। बाद में वे लोकायुक्त की टीम के पास पहुंच गए और टीम के सदस्य उन्हें लेकर मुरैना आ गए हैं।







# विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुतियां









## संत हिरदाराम नगर के स्कूलों और कालेजों में 74वां गणतंत्र दिवस

**संत हिरदाराम नगर।** उपनगर के स्कूलों और कालेजों में 74वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित स्कूल मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल, विद्यासागर पब्लिक स्कूल, संत हिरदाराम इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, चिल्डर्न्स होप गर्ल्स स्कूल, गांधीनगर एवं केवलराम पब्लिक स्कूल करौंद में 74वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह से मनाया गया।

**क्राईस्ट मेमोरियल स्कूल गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया:** क्राईस्ट मेमोरियल स्कूल बैरागढ़ में गणतंत्र दिवस समारोह बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दुर्गेष खेमचंदानी (जो की विद्यालय के पूर्व छात्र भी रह चुके हैं)। जिन्होंने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गोरवान्वित किया। मुख्य अतिथि डॉ. दुर्गेष खेमचंदानी द्वारा झण्डा वन्दन किया गया। अपने वकतव्य में उन्होंने बच्चों को देष का भविष्य बताते हुए संविधान का संरक्षक माना। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के संचालक और षिक्षा विद डॉ.मेनिस मैथ्यूज़, प्राचार्य श्री परमेन्द्र दरयानी, उपप्राचार्या और षिक्षकगण बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। स्कूल के संचालक डॉ.मेनिस मैथ्यूज़ जी ने अपने उदबोधन में संविधान को अपने जीवन में उतारने की बात कही और यह बताया की किस तरह से अपने जीवन में छोटे-छोटे सुधार लाकर हम श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। प्राचार्य एवं उपप्राचार्या द्वारा भी अपने वकतव्य में संविधान के कर्तव्यों पर विषेष तौर पर प्रकाष डाला गया।

स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई और सबसे मनमोहक प्रस्तुति भारत के सुयूर पूर्वी क्षेत्र मणिपूर की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। षिक्षकों द्वारा भी नृत्य और भाषण प्रस्तुत किये गये। विद्यालय की छात्रा कु. स्नेहा तोमर और कु. साक्षी यादव ने गणतंत्र दिवस पर जो संदेष दिया उससे सभागार में उपस्थित सभी में देष भक्ति का जोष भर दिया । वर्तमान में स्वास्थ संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए छात्र-छात्रओं द्वारा योग एवं व्यायाम की प्रस्तुति दी गई।

विद्यालय के अलग-अलग हाऊस द्वारा मार्च पास्ट करते हुए परेड का प्रदर्षन किया गया। परेड की सलामी सम्मानिय डॉ.दुर्गेष खेमचंदानी ( मुख्य अतिथि ), डॉ.मेनिस मैथ्यूज़, श्री परमेन्द्र दरयानी, सुश्री रीना मण्डलोई और श्रीमती मेहेक भारवानी के द्वारा ली गई। कार्यक्रम का संचालन बहुत ही षानदार तरीके से कु.विषाखा और कु. उर्वषी द्वारा किया गया। अतं में सुश्री सीमा भद्रा ने सबका आभार व्यक्त किया।

**लक्ष्मीदेवी द्वारा संचालित स्कूलों में मनाया गया गणतंत्र दिवस:** इधर, लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा. विद्यालय, प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल, एल.वी.एस प्ले ग्रुप स्कूल एवं वीना चार्ली दासवानी गर्ल्स पब्लिक स्कूल गांधीनगर में देश की गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर संत सिद्ध भाऊ ने झण्डा वंदन कर झण्डे को सलामी दी। संस्था के सचिव रमेश हिंगोरानी, संचालक योगेश हिंगोरानी, प्रशासनिक अधिकारी नीलेश हिंगोरानी भी उपस्थित थे।

## नाम, नमक और निशान का सम्मान करना ही अच्छे नागरिक एवं देशभक्त की पहचान है: कर्नल पारवानी

परमहंस संत हिरदाराम साहिब एवं उनके उत्तराधिकारी श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी के आशीर्वाद से शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी एवं जीव सेवा संस्थान के तत्वाधान में संचालित विद्यालयों- मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल, नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल, विद्यासागर पब्लिक स्कूल, संत हिरदारम गर्ल्स कॉलेज, संत हिरदाराम नेचुरोपैथी मेडिकल कॉलेज, संत हिरदाराम इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, चिल्ड्रेन्स होप गर्ल्स स्कूल, गांधीनगर एवं केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल, करौंद में 74वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह से मनाया गया।अधिकतर स्थानों पर मुख्य अतिथि कर्नल नारायण पारवानी ने अपने कर कमलों से ध्वजारोहण सम्पन्न किया, जिसमें संस्था उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव ए. सी. साधवानी, संयुक्त सचिव के. एल. रामनानी, एल सी जनियानी, मनोहर वासवानी, महेश भोजवानी, संस्था के अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवान बाबाणी, स्कूलों एवं कालेजों के प्राचार्यगण- श्रीमती आशा चंगलानी, अमृता मोटवानी, रेखा केवलानी, जयमूर्ती, मिष्ठी वासवानी, राजेश लालवानी, श्रीमती प्रिया जैन शर्मा, डॉ. डालिमा पारवानी, डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. आशीष ठाकुर तथा सभी विद्यालयों एवं कालेजों के शिक्षक-शिक्षिकाएँ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्रद्धेय सिद्ध भाऊ ने अपने संप्रेषित संदेश में, संस्थान के समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि राष्ट्रप्रेम मानव ह्रदय की सर्वोत्कृष्ट भावना है। इस महान उद्देश्य की पूर्ति हेतु हमारे सभी स्कूल और कॉलेज नाटकों के रूप में देश प्रेम से ओतप्रोत कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित करते हैं जैसे कारगिल विजय, 1971 भारत पाक युद्ध का विजय दिवस, महानायक सुभाष चन्द्र बोस (आज़ाद हिन्द फौज), वीरों की गाथाएं आदि। हमारे शिक्षकगण देशप्रेम व अन्य संस्कारों को कक्षाओं में, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ साथ, दोहराते रहते हैं ताकि विद्यार्थी इन्हें अपने कर्म व व्यवहार में लाएं और उत्कृष्ट नागरिक बनें। ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात सभी विद्यालयों एवं कालेजों का संयुक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम मिठी गोबिंदराम स्कूल में किया गया।





**भोपाल।** खेड़पति हनुमान मंदिर समिति नेहरू नगर द्वारा आयोजित शिव पुराण, भागवत कथा का शुक्रवार को समापन हो गया।



**भोपाल।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर लायंस आफ भोपाल और अनुभूति ग्रुप की ओर से मन्वय भवन मे 'देशभक्ति गीतों पर आधारित एक शाम रुआ आयोजन किया गया। कार्यक्रम समन्वयक लायन आशीष जैन ने बताया कि म्यूजिकल ग्रुप अनुभूति मेलोडीज फार एयर के कलाकारों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।

## शिवनगर फेस-3 में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**भोपाल।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर भानपुर क्षेत्र के शिवनगर फेस-3 में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी वहां पहुंचे, वार्ड के पार्षद राजू राठौर द्वारा ध्वज फहराया गया। इस दौरान नारायणसिंह चन्देल अध्यक्ष, कन्छेदीलाल साहू शिवानी कॉवेन्ट स्कूल संचालक, डी. डी. राठौर, सुनील राठौर, दिलीप गुप्ता सुख नन्दन कुषवाह, सत्य नारायण गुप्ता, षिवभानू राजपूत, सत्य नारायण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## माइलस्टोन स्कूल पर गणतंत्र एवं बसंत पंचमी पर्व मनाया



**भोपाल।** कोलार रोड स्थित माइलस्टोन स्कूल पर गणतंत्र पर्व एवं बसंत पंचमी पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया इस अवसर पर कोलार चौराहे से स्कूल तक बच्चों द्वारा रैली निकाली गई इसमें छात्र-छात्राएं विभिन्न वेशभूषा में सम्मिलित हुए एवं देश भक्ति के नारे लगाए स्कूल की संचालिका डॉ शुक्ला ने बताया कि यह एक बड़ा शुभ अवसर है जब गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी का पर्व एक साथ आया है इस अवसर पर स्कूल पर विद्या देवी सरस्वती की पूजा की गई एवं गणतंत्र पर्व के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए बच्चों द्वारा स्वतंत्र सेनानियों की वेशभूषा धारण की गई डॉ शुक्ला ने कहा कि सभी देशवासियों को महाविद्या देवी सरस्वती का आशीर्वाद मिले और वह देश की प्रगति में सहयोग कर सकें इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मध्यप्रदेश शासकीय शिक्षक संघ की सचिव निमला चौरे द्वारा सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

# आईजी देहात ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



डीके कॉटेज में 74 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया एवं समस्त रहवासियों को आईजी देहात भोपाल इरशाद वाली जी ने स्वच्छता की शपथ दिलवाई इसके साथ ही वली एवं डीआईजी पांडे ने कॉलोनी के बच्चों के साथ मिलकर नगर निगम भोपाल के तत्वाधान में खेलो इंडिया खेलो का प्रचार प्रसार किया समिति के अध्यक्ष डॉ तरुण सिंह चौहान ने बताया कि आज गणतंत्र दिवस पर रहवासियों को समाज के प्रति उनके मूल अधिकारों के साथ मूल दायित्व को भी निभाने के लिए प्रेरित किया गया अपने बीच आईजी इरशाद वाली जी एवं डीआईजी सुनील पांडे साहब को पाकर कॉलोनी के बच्चे बहुत उत्साहित थे। वली ने समस्त रह वासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की शुभकामनाएं प्रेषित की तथा बच्चों को कर्तव्यनिष्ठ होकर देश के प्रति अपनी निष्ठा और जिम्मेदारी निभाने के लिए संदेश दिया द्य साथ ही कॉलोनी समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की जिसमें मुख्यता कॉलोनी समिति द्वारा चौराहे पर लगाए गए कैमरों के लिए धन्यवाद दिया द्य इस अवसर पर समिति द्वारा कॉलोनी के सफाई मित्रों का भी शॉल और श्रीफल से सम्मान किया गया क्योंकि इन्हीं की मेहनत की वजह से कॉलोनी को 2021 में भोपाल में स्वच्छतम रहवासी संघ का तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था एवं विगत वर्ष 2022 में जोन में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ थाद्य अध्यक्ष डॉक्टर तरुण सिंह चौहान ने सभी रह वासियों को अपने अपने घरों को जीरोवेस्ट बनाने के लिए प्रेरित किया एवं इसकी विधि बतलाईद्य कार्यक्रम में भारत माता पूजन के साथ-साथ बसंत पंचमी के उपलक्ष में सरस्वती पूजन का भी आयोजन किया गया।

# हनुमत आराधना से प्रारंभ हुआ हाथ से हाथ जोड़ो अभियान



**भोपाल।** गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मुंगालिया छाप भोपाल हुज़ूर विधान सभा मे श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर मे कमलनाथ ने पूजा कर श्री हनुमान चालीसा पाठ किया एवं हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का शुभारम्भ किया। बता दें कि कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री और पूर्व जिला पंचायत सदस्य विष्णु विश्वकर्मा द्वारा हुज़ूर विधानसभा मे 51000 हनुमान चालीसा पाठ का संकल्प लिया गया है। इसी क्रम में बसंत पंचमी और गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में खेडापति हनुमान मंदिर मुगालिया छाप में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जहां प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने हनुमानजी का पूजन दर्शन किया। हनुमान चालीसा का संकल्प आगामी हनुमान जन्मोत्सव तक चलेगा, जो भव्य गदा यात्रा के साथ छींद धाम मे 6 अप्रेल को पूर्ण होगा ।

## कोटक सिक्योरिटीज़ एवं एक्ज़क्लुज़िव सिक्योरिटीज़ ने सामरिक क़रार की घोषणा की

**इंदौर।** कोटक सिक्योरिटीज़ लिमिटेड ने मध्य प्रदेश की ब्रोकरेज फर्म- इंदौर स्थित अग्रणी एक्सक्लुज़िव सिक्योरिटीज़ के साथ साझेदारी की घोषणा की है। साझेदारी के तहत कोटक सिक्योरिटीज़, एक्सक्लुज़िव सिक्योरिटीज़ के 30000 से अधिक निवेशकों और क्लाइंट्स को कवर करेगा। यह साझेदारी कोटक सिक्योरिटीज़ एवं एक्सक्लुज़िव सिक्योरिटी दोनों के क्लाइंट्स को तकनीक उन्मुख निवेश उत्पाद एवं सेवाएं उपलब्ध कराएगी। इस मौके पर जयदीप हंसराज, एमडी एवं सीईओ, कोटक सिक्योरिटीज़ लिमिटेड ने कहा, ''हमें खुशी है कि हम एक्सक्लुज़िव सिक्योरिटीज़ के साथ साझेदारी के माध्यम से तकरीबन 30,000 निवेशकों को अपनी सेवाएं प्रदान करने जा रहे हैं। आने वाले महीनों में हम अपने साथ नए जुड़े क्लाइंट्स को सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान कर सुगम समेकन को सुनिश्चित करेंगे। बीडी भट्टर, चेयरमैन, एक्सक्लुज़िव सिक्योरिटीज़ लिमिटेड ने कहा, ''कोटक सिक्योरिटीज़ के साथ यह साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी की परीक्षा पर चर्चा सुन छात्र-छात्राओं ने गाया हम होंगे कामयाब...

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

जनवरी को गुरु नानक मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा के नेतृत्व में शहर के विभिन्न स्कूलों सहित दृष्टि एवं श्रवन बाधित छात्रावास के 600 छात्र छात्राओं ने विशाल टेलीविजन स्क्रीन के जरिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के देश भर में छात्र छात्राओं के प्रश्नों के माध्यम से हुई चर्चा को सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पेरेंट्स की अपेक्षाएं होना स्वाभाविक है, उसमें कुछ गलत भी नहीं है. अगर परिवार अपेक्षाएं सोशल स्टेटस के कारण कर रहे हैं तो ये गलत है. सोशल स्टेटस का दबाव होता है कि समाज में जाएंगे तो कैसे बताएंगे कि बच्चा कैसे कर रहा है. परीक्षा पे चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एग्जाम प्रेशर को लेकर बच्चों को बेहद सटीक टिप्स दिया जो हर छात्र को जानना चाहिए. केंद्रीय विद्यालय मदुरै से अश्वनी सहित राजधानी के छात्र छात्राओं ने भी प्रश्न पूछे बच्चों में इतना ज्यादा प्रेशर है कि वो डिप्रेशन में चले जाते हैं. उन्हें नहीं पता कि वो किस पर यकीन करें.इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने इस अवसर पर शिक्षाविदों के दृष्टिकोण को समझ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के तनाव रहित परिक्षा पर मार्गदर्शक कार्यक्रम को सराहा इस अवसर पर चेतन भार्गव ने कहा कि हम स्वस्थ वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर देश समाज और परिवार का नाम रोशन करें इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने हर्ष उल्लास के साथ तिरंगे को लहराते हुए प्रधानमंत्री की चर्चा को सराहा। इस अवसर पर भगवानदास ढालिया, अतुल घेंघट, संदीप कल्याणे,अजय प्रजापति,विष्णु राजपूत, प्रभात मालवीय, सुकांति ठाकुरिया, राजकुमारी डागौर, निक्की ठाकुर, सुनील नीलकंठ, सिद्धार्थ जैन, राज बेरागी, चंदू यादव,विनोद सलामे, आदि उपस्थित थे।



# विकास और जन सेवा हमारी प्राथमिकता: चौहान



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकास और जनता की सेवा करना हमारी प्राथमिकता है। जनता के सुख में ही हमारा सुख है। जनता की प्राथमिकता ही शासन की प्राथमिकता है। जन-कल्याण के लिए हम प्रयासरत है। मुख्यमंत्री श्री चौहान आगामी माह में प्रदेश में होने वाली विकास यात्रा के संबंध में आज निवास कार्यालय से वर्चुअली राज्य मंत्रि-परिषद के सदस्यों, सांसद, विधायक, समस्त महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षगगण, जिला एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, सरपंच, उप सरपंच, पंच और कमिश्नर, कलेक्टर को संबोधित कर रहे थे। श्री चौहान ने कहा कि विकास और जन-कल्याण के कार्यों को जन-जन तक पहुँचाना विकास यात्रा का उद्देश्य है। विकास यात्राएँ प्रदेश के गाँव-गाँव और शहर के वार्डों में निकाली जाएंगी। विकास यात्रा के माध्यम से विभिन्न योजनाएँ और उपलब्धियाँ जनता के बीच भलीभांति पहुँच सकें, इसकी आवश्यक तैयारी पहले से ही सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गाँवों और कस्बों सहित विभिन्न शहरों में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। सिंचाई और नल-जल योजनाओं की भरपूर व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश में वर्तमान में 56 हजार करोड़ रुपये की सिंचाई परियोजनाओं और 50 हजार करोड़ रुपये की लागत के सड़कों के कार्य चल रहे हैं। हर ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय के विकास के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई गई है, जिससे नगरीय निकाय और पंचायत के प्रतिनिधि विकास और जन-कल्याण के कार्य बेहतर ढंग से कर सकें। चौहान ने कहा कि संत रविदास जयंती- 5 फरवरी को विकास यात्रा का शुभारंभ होगा। यात्रा 21 दिनों तक चलेगी जो 25 फरवरी तक जारी रहेगी। यात्रा में विकास पताका और विकास रथ भी रहेगा।

## गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर नगर परिषद छापरा नगरवासियां को हार्दिक अभिनंदन करती है

▸ समय पर नगर परिषद के समस्त करों का भुगतान करें। ▸ बापू का घर-घर पहुंचे संदेश, स्वच्छता और सुन्दर हो नगर हमारा। ▸ स्वच्छता में लगायेंगे हम पूरा दम तभी बनेगा मेरा नगर प्रदेश नंबर वन। ▸ हम सबने यह ठाना है छपारा को स्वच्छ शहर बनाना है। ▸ मूक प्राणियों के बारे में सोचे, पॉलीथिन का उपयोग छोड़े। ▸ पानी का अपव्यय न करें। ▸ जन्म, मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन अवश्य करायें। ▸ आयुष्मान (निरामय) कार्ड परिवार के सभी सदस्यों के अनिवार्य रूप से बनवाये।

**श्याम गोपाल भारती**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद छपारा


**शिवकांत सिंह**
उपाध्यक्ष
नगर परिषद छपारा

**श्रीमती निशा सुरेश पटैल**
अध्यक्ष
नगर परिषद छपारा

**सभापति नगर परिषद छपारा:-** श्रीमती शिवनीता सिंह राजपूत, धर्मेन्द्र जैन, श्रीमती हेमलता सोनी, श्रीमती निर्मला ठकरिया, विशाल सिंह ठाकुर
**पार्षदगण नगर परिषद छपारा:-** श्रीमती अहिल्या उइके, दिनेश उइके, राकेश कुमार भरद्वाज, श्रीमती शनि नागेश, द'ीपक कोष्टा, रामेश्वर बजारा, श्रीमती प्रीति सिंह सिसोदिया, श्रीमती सोनल श्रीवात्री

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

जितेन्द्र गुर्जर
जिला आबकारी अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ आबकारी विभाग, सिवनी




## मप्र में कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत बढ़ा, फरवरी से मिलेगा लाभ

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य के पांच लाख नियमित कर्मचारियों का महंगाई भत्ता चार प्रतिशत बढ़ा दिया है। यह जनवरी के वेतन से जुड़कर मिलेगा। इस संबंध में वित्त विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। वर्तमान में केंद्रीय कर्मचारियों को 38 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। जबकि राज्य के कर्मचारियों को 34 प्रतिशत मिल रहा है। वहीं पेंशनरों को 33 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है, जो केंद्र सरकार के पेंशनरों की तुलना में पांच प्रतिशत कम है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के बाद शुक्रवार को वित्त विभाग ने प्रदेश के अधिकारियों-कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में चार प्रतिशत की वृद्धि कर दी। अब 34 के स्थान पर 38 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिलेगा। इसका लाभ फरवरी में मिलने वाले जनवरी के वेतन से मिलेगा। इस वृद्धि से कर्मचारियों को प्रतिमाह न्यूनतम नौ सौ रुपये से लेकर साढ़े छह हजार रुपये तक का लाभ होगा।

## कायलिय नगर पालिक निगम सतना

गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**सम्माननीय नागरिकों से विनम्र अपील**

- नगर वो सर्वांगीण विकास में सहयोग प्रदान करें।
- शौचालय विहीन मकानों में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण का लाभ उठायें, खुले में शौच न करें।
- निर्धारित स्थल में ही कचरा डालें, सड़क, नाली या सार्वजनिक स्थल में कचरा न को नगर निगम द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन हेतु लगाये गए रिक्शों में डालें।
- सभी व्यवसायी अपने प्रतिष्ठान के बाहर डस्टबिन रखें एवं कचरा डालने हेतु उसका उपयोग करें।
- अपने करों एवं शुल्कों का समयावधि में भुगतान करके नगर विकास में अपनी सहभागिता प्रदान करें।
- पॉलीथीन का उपयोग न करें। कपड़े, जूट, कागज पैकेट का उपयोग करें।
- पानी का दुरुपयोग न करें, वर्षा जल का अधिकाधिक संग्रहण करें। शासन की जनकल्याणकारीयोजनाओं का पाजता अनुसार लाभ लें।
- शहर को हरा-भरा बनाने के लिए अधिक से अधिक वक्षारोपण करें।
- शहर के विभिन्न स्थानों, मार्गों, चौराहों एवं पाकों में किये गए वक्ष एवं पौधरोपण को सुरक्षा देने में सहयोग करें।
- निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़ा कर, यातायात को सुगम बनाये रखने में सहयोग करें।
- पशुओं को आवारा न छोड़ें।
- हर घर तिरंगा अभियान में सम्मिलित होकर इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

**राजेश शाही**
आयुक्त
नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

**राजेश चतुर्वेदी**
अध्यक्ष (स्पीकर)
नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

**योगेश कुमार ताम्रकार**
महापौर
नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं



राजकुमार खुराना
जिलाध्यक्ष कांग्रेस

बृजेश बघेल
उपाध्यक्ष कांग्रेस

जिला पंचायत, जिला-सिवनी

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

देवेश बाथम
अति. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ

यातायात नियमों का पालन करें, वाहनों का टेक्स समय पर जमा करें। शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं।

परिवहन विभाग, जिला-सिवनी

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

सुश्री विजेता सूर्यवंशी
प्रशासक
राकेश राय
प्रबंधक
सेवा सहकारी समीति मर्यादित बीसावाडी, जिला-सिवनी

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

प्रीति ब्रजेश आदिवासी
सरपंच
रामस्वरूप बघेल
सचिव
ग्राम पंचायत-सोनर,नरवर, जिला-शिवपुरी

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

सुश्री विजेता सूर्यवंशी
प्रशासक
संदीप साहू
प्रबंधक
सेवा सहकारी समीति मर्यादित बंडोल, जिला-सिवनी

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

सुश्री विजेता सूर्यवंशी
प्रशासक
संत कुमार (संतू) राजपूत
प्रबंधक
सेवा सहकारी समीति मर्यादित बांकी, जिला-सिवनी

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

प्रतीक कुमार बोपचे
वन परिक्षेत्र दक्षिण सामान्य
वन मंडल
(वन है तो कल है) वनपरिक्षेत्र बंडोल, जिला-सिवनी

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

राजेन्द्र सिंह
सरपंच
अवधेश सिंह बैस
सचिव
ग्राम पंचायत-गनियार,नरवर, जिला-शिवपुरी

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

किशोरीलाल साहू
सरपंच
लोकेंद्र सिंह रावत
सचिव
ग्राम पंचायत-नयागांव,नरवर, जिला-शिवपुरी

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

अजब सिंह बघेल
सरपंच
दिनेश बघेल
सचिव
ग्राम पंचायत-थरखेड़ा,नरवर, जिला-शिवपुरी



सचिन यादव जी
(विधायक कसरावद) पूर्व कृषि मंत्री (म.प्र. शासन)



महेश कुमरावत
बमनाला

गणतंत्र दिवस की देश व प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सौजन्यः- अखिल भारतीय सूर्यवंशी कुमरावत व चौरसिया समाज, खरगोन
मोबाइल नंबर-91-7692910202

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

मजबूत सिंह कुशवाहा
सरपंच
मुनेश शर्मा
सचिव
ग्राम पंचायत-जुझाई,नरवर, जिला-शिवपुरी

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

धनमंती परमाल सिंह कुशवाहा
सरपंच
संजीव शर्मा
सचिव
ग्राम पंचायत-कोडर,नरवर, जिला-शिवपुरी

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

ममता घनश्याम सिंह
सरपंच
हरप्रसाद शाक्य
सचिव
ग्राम पंचायत-जैतपुर,नरवर, जिला-शिवपुरी

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

होशियार सिंह
सरपंच
अनीता बघेल
सचिव
ग्राम पंचायत-कटेगरा,नरवर, जिला-शिवपुरी

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

सूरत सिंह ब्रजलाल कुशवाहा
सरपंच
देशराज कुशवाहा
सचिव
ग्राम पंचायत-चकरामपुर,नरवर, जिला-शिवपुरी

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

नारायण रामचरण
सरपंच
दिनेश कुमार मौर्य
सचिव
ग्राम पंचायत-भीमपुर,नरवर, जिला-शिवपुरी

## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

मीरा अजमेर सिंह बघेल
सरपंच
मंगल सिंह बघेल
सचिव
ग्राम पंचायत-बरखाड़ी,नरवर, जिला-शिवपुरी

स म्पा द की य

# ज्यादा एंटीबायोटिक, यानि बीमारियों को दावत!

हम एक बीमारी से बचने के लिए दवा लेते हैं और दूसरी को गले लगा लेते हैं। रक्त चाप और शुगर के रोगों की दवाओं को लेकर स्वास्थ्य जगत में लगातार शोध हो रहे हैं, क्योंकि इनके लगातार सेवन से किडनी व कुछ अन्य अंगों पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। लेकिन हम एंटीबायोटिक दवाएं इस कदर लेने लगे हैं कि इससे न केवल हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता खत्म हो रही है, अपितु कुछ नई बीमारियां भी हम मोल ले रहे हैं।

ज्यादा मात्रा में एंटी एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन करने को लेकर आई एक रिपोर्ट हम सबके लिए बेहद जरूरी है और खतरनाक भी। 40 की उम्र के बाद एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन पेट की गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। एंटीबायोटिक दवाएं खाने से आंतों से संबंधित बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। यह दावा गट जर्नल में प्रकाशित एक रिसर्च में किया गया है। न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने करीब 61 लाख डेनिश लोगों के स्वस्थ्य डेटा का विश्लेषण किया। जिसमें पता चला कि जिन लोगों ने किन्हीं वजहों से लगातार एंटीबायोटिक दवाओं का इस्तेमाल किया, उनमें आईबीडी यानि इन्फ्लेमेटरी बाउल डिसीज का खतरा उन लोगों की तुलना में काफी ज्यादा बढ़ गया था, जिन्होंने एंटीबायोटिक दवाएं नहीं ली थीं।

शोधकर्ताओं ने 2000-2018 के बीच 10 से 60 वर्ष के 61 लाख लोगों पर अध्ययन किया। इनमें से 55 लाख को चिकित्सकों ने एंटीबायोटिक दवाओं का परामर्श दिया था। एंटीबायोटिक खाने वाले लोगों में 36,017 में अल्सरेटिव कोलाइटिस और 16,881 में क्रोहन डिसीज के लक्षण विकसित हुए। जिन लोगों को एंटीबायोटिक नहीं दी गई उन लोगों की तुलना में एंटीबायोटिक खाने वाले 10-40 वर्ष के लोगों में आईबीडी की आशंका 69 फीसदी ज्यादा पाई गई। वहीं, 40 से 60 वर्ष के लोगों में यह जोखिम दोगुना पाया गया। वहीं रिसर्च में कहा गया है कि 60 से अधिक उम्र के लोगों के लिए 95 प्रतिशत जोखिम बढ़ गया है।

चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज दो बीमारियों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। क्रोहन रोग और अल्सरेटिव कोलाइटिस यानि सूजन आंत्र रोग। आईबीडी आंतों के विकारों का एक समूह है जो पाचन तंत्र में लंबे समय तक सूजन का कारण बनता है। सूजन आंत्र रोग के दो प्रमुख कारक अल्सरेटिव कोलाइटिस और क्रोहन रोग हैं। ये पाचन तंत्र में घावों यानि अल्सर का कारण बनते हैं और सूजन भी होती है जिससे रोगी को अत्यधिक दर्द होता है।

मेदांता इंस्टीट्यूट ऑफ डाइजेस्टिव एंड हेपेटोबिलरी साइंसेज के अध्यक्ष डॉ रणधीर सूद इस मामले में कहते हैं- अध्ययन के परिणाम हालांकि महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इसे एक चुटकी नमक के साथ लिया जाना चाहिए। डॉ सूद ने कहा, भारत में एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग बहुत आम है। अगर वह आईबीडी के लिए एकमात्र कारण या जोखिम कारक होता, तो हमारे पास ऐसे मामलों की बाढ़ आ जाती। मुझे लगता है कि आईबीडी के विकास के पीछे एक और जटिल कारक होना चाहिए। हालांकि, उन्होंने एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग को रेगुलेट करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा डायरिया से पीड़ित 90 प्रतिशत लोगों को एंटीबायोटिक्स की आवश्यकता नहीं होती है। हाइड्रेशन बनाए रखना पर्याप्त होता है। डायरिया एक आत्म-सीमित बीमारी है। इसी तरह, ज्यादातर बुखार और छाती के संक्रमण अक्सर वायरल संक्रमण के कारण होते हैं और ऐसे मामलों में एंटीबायोटिक लेने से कोई फायदा नहीं होता है।

इसके अलावा एंटीबायोटिक दवाएं अधिक लेने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। असल में हमारे शरीर में जो एंटीबाडी विकसित होती हैं, वो हमारे शरीर पर बीमारियों के हमलों से हमें बचाती हैं। और एंटीबायोटिक दवाएं भी एंटीबाडी जैसा ही काम करती हैं। इसलिए जब हम एंटीबायोटिक दवाएं अधिक लेते हैं, तो प्राकृतिक एंटीबाडी विकसित होने की रफ्तार कम हो जाती है। और फिर थोड़े से मौसम परिवर्तन या वायरस के हमले हमें बीमार कर देते हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता को प्राकृतिक तरीके से विकसित करने के लिए ही हम व्यायाम, योग करते हैं। हलकी फुलकी बीमारियों से बिना घबराए मुकाबला करना चाहिए। हमारे पास इन्हें ठीक करने के घरेलू उपाय भी हैं, जिन्हें करना चाहिए। लेकिन इसमें एक सावधानी यह रखना होगी कि हम बीमारियों की गंभीरता को नजरअंदाज न करें। सर्दी जुकाम का मुकाबला करने की क्षमता आसानी से विकसित की जा सकती है। प्रयास करने होंगे। आयुर्वेद का प्रयोग भी किया जा सकता है। लेकिन एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग उतना ही करें, जितना आवश्यक हो।

# मोदी-नड्डा का नेतृत्व और आसमान छूती विष्णु की पतंग

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा का चरैवेति-चरैवेति मंत्र की यात्रा जारी है। 24-25 जनवरी को प्रदेश कार्यसमिति और अन्य महत्वपूर्ण बैठकों के बाद बाद जब भोपाल में राजनीतिक चर्चा एक्सटेंशन के इर्द-गिर्द केंद्रित थी, तब तक प्रदेश अध्यक्ष के कर्तव्यों का निर्वहन कर सांसद विष्णु दत्त शर्मा अपने संसदीय क्षेत्र में पहुंच चुके थे। 26 जनवरी को जब प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा के शीर्ष पदाधिकारी गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कर रहे थे, तब विष्णु दत्त शर्मा अपने संसदीय क्षेत्र पन्ना में ध्वजारोहण कर नई ऊर्जा संग जी-20 की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे। 26 जनवरी को देर शाम भोपाल से खजुराहो पहुंचा पत्रकारों का एक दल इसका साक्षी बना। दिन में क्लीन एंड ग्रीन खजुराहो कार्यक्रम के पार्श्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वह विचार प्रवाहशील था, जिसमें उन्होंने सांसदों से अपने-अपने क्षेत्र में पंद्रह दिन स्वच्छता अभियान चलाने की अपेक्षा जताई थी।

सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने गर्व के साथ बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उम्मीदों पर खजुराहो संसदीय क्षेत्र खरा साबित हो रहा है। यहां पिछले 28 दिन से स्वच्छता अभियान जारी है और आगे भी जारी रहेगा। स्वच्छता अभियान में सुबह-सुबह खुद सांसद विष्णु दत्त शर्मा बढ़-चढ़ कर सहभागिता करते हैं, तो भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन भी करते हैं। वहीं शहर में स्वच्छता देखकर खुशी का इजहार भी करते हैं। पत्रकार साथियों से उनकी मुलाकात जब खजुराहो में लाइट एंड साउंड शो कार्यक्रम में हुई तो वहां हुई चर्चा में वह खजुराहो की कला-संस्कृति और मोक्ष और दर्शन की चर्चा कर प्रफुल्लित होते हैं। वहीं लाइट एंड साउंड शो को और बेहतर बनाने की उनकी योजना की जानकारी भी देते हैं।

इसके लिए सोमनाथ, अक्षरधाम सहित देश के श्रेष्ठ लाइट एंड साउंड शो कार्यक्रमों का अध्ययन किया जा रहा है। और खुशी-खुशी बताते हैं कि जल्दी ही खजुराहो का लाइट एंड साउंड शो कार्यक्रम देश में



सर्वाधिक लोकप्रिय कार्यक्रमों में गिना जाएगा। यानि क्षेत्र में विकास के हर पहलू पर सांसद की नजर है। खजुराहो संसदीय क्षेत्र के विकास की 2019 में उनके सांसद बनने के बाद बदली तस्वीर का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को देते हैं। विकास की लंबी सूची जिसमें खजुराहो तक राष्ट्रीय राजमार्ग बनना, खजुराहो की एयर कनेक्टिविटी बेहतर होना और खजुराहो रेल्वे स्टेशन का विश्व स्तरीय बनने की योजना शामिल है। तो अन्य विकास और रोजगारपरक उपलब्धियों के साथ जी-20 जैसे आयोजन की बैठक खजुराहो में होने जैसी बड़ी उपलब्धि भी शामिल है।

एक तरफ खजुराहो संसदीय क्षेत्र की बात खुलकर तो दूसरी तरफ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के बतौर प्रदेश की राजनीति पर भी खुलकर चर्चा। दावा वही कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा सरकार सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय के काम बेहतर तरीके से कर रही है। 2023 में प्रदेश में भाजपा फिर सरकार बनाएगी। फिर सवाल वही कि शिव-विष्णु के नेतृत्व में भाजपा 2023 का चुनाव लड़ेगीज? तो? चेहरे पर मुस्कराहट और तब तक जवाब भी सवाल करने वालों की तरफ से आता है कि कार्यसमिति के दौर में पार्टी के दिग्गज नेता कैलाश विजयवर्गीय का कहना था कि शिव-विष्णु दोनों अच्छा काम कर रहे हैं और इन्हीं के नेतृत्व में 2023 का चुनाव लड़ा जाएगा। बात डायवर्ट होकर दूसरे मुद्दों पर चर्चा में तब्दील हो जाती है। एक ही बात कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। देश की छवि दुनिया में लगातार बेहतर हो रही है।

और 27 जनवरी को सुबह छह बजे पत्रकारों का दल पन्ना टाइगर रिजर्व के मंडला गेट से प्रवेश करता है। सांसद विष्णु दत्त शर्मा खुद मौजूद हैं, पर गेट से ही यह कह विदा लेते हैं कि दूसरे जरूरी कार्य कर फिर आपसे मिलता हूं। और फिर मुलाकात दोपहर के भोजन पर, जहां सब कुछ बुंदेलखंडी संस्कृति में रंगा है। बुंदेलखंड के ढिमरयाऊ, कछियाऊ नृत्य? की झलक तो उसके बाद बुंदेलखंडी पकवानों से सजी स्वादिष्ट थाली। जिसमें कैथा और हरे धना की चटनी, अचार, पापड़, मोटा गक्कड़, मूंग मिली चने की भाजी, मूंग दाल, कढ़ी, बैंगन का भर्ता, आलू-मटर-गोभी की सब्जी, पूड़ी, खीर, गुड़ और मन भर स्वाद। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के मन की बात कि फरवरी में खजुराहो में जी-20 की बैठक में आने वाले देशी-विदेशी मेहमानों को बुंदेलखंड के स्वादिष्ट पकवानों को परोसने की तैयारी की यह एक झलक है।

यानि कि तैयारी उस स्तर पर हो रही है कि विदेशी और देशी मेहमान बुंदेलखंड के स्वादिष्ट पकवानों के स्वाद में उंगलियां काटने को मजबूर हो जाएंगे। तो इसके बाद जी-20 पतंग उत्सव में शिरकत। कार्यक्रम स्थल पर मोदी, नड्डा, अमित शाह, शिवराज और विष्णु दत्त शर्मा के?? कटआउट और जी-20 के लोगो संग इन नेताओं के तस्वीर वाली पतंगें भी। पतंगों में जी-20 देशों के झंडे भी शामिल। गरिमामय कार्यक्रम में प्रदेश के खनिज मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह और छतरपुर कलेक्टर भी मौजूद। तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जेपी नड्डा की तस्वीर वाली पतंग सांसद विष्णु दत्त शर्मा उड़ा रहे हैं और पतंग आसमान को छू रही है। इसी बीच मीडिया के सवालों के जवाब देने का सिलसिला भी जारी कि जिस तरह मोदी-नड्डा की तस्वीर वाली पतंग आसमान छू रही है, उसी तरह जी-20 की अध्यक्षता का गौरव हासिल करने वाला देश भी विकास में आसमान छू रहा है।

इसके बाद खिचड़ी वितरण? और फिर पूरी दुनिया को धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष का दर्शन मंदिरों के वास्तु और शिल्प के जरिए देने वाला कला और संस्कृति के धनी खजुराहो के पश्चिमी मंदिर समूहों का भ्रमण। यहां चंदेल शासकों की सनातन धर्म की समझ और दूरदर्शिता मंदिरों पर उकेरे वास्तु और शिल्प के जरिए यही संदेश देती है कि यह जगत माया है और हर इंसान को सांसारिकता से मुक्त हो मोक्ष की यात्रा तय करने में सक्षम बनना चाहिए। और यहां मौजूद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एक्सटेंशन के टेंशन से मुक्त पूरी तरह से कला-संस्कृति के रंग में रंगे हैं और जी-20 देशों की बैठक पर उनका पूरा ध्यान केंद्रित है। चाहे पतंग आसमान में उड़े या क्लीन एंड? ग्रीन खजुराहो की बात होज। इस बीच पत्रकारों के दल की ससम्मान विदाई का साक्षी बनता है पश्चिमी समूह मंदिर का परिसर और विष्णु दत्त शर्मा शाम की आरती में शामिल होने रवाना हो जाते हैं।

# अपनी भाषा अपना विज्ञान: जय विज्ञान जय अनुसंधान

मीडियावाला के पाठकों को डॉ. अपूर्व पौराणिक का नमस्कार। मैं आभारी हूँ श्री सुरेश तिवारी जी का कि उन्होंने मुझे एक साप्ताहिक स्तम्भ लिखने का अवसर प्रदान किया है । मेरे लेखन की थीम रहेगी विज्ञान। आम लोगों तक साइन्स का ज्ञान, उसका महत्व, उसकी सीमाएं, उस पर विवाद, मिथ्याविज्ञान से उसका भेद, विज्ञान की विधियां आदि अनेक पहलुओं पर मैं चर्चा करता रहूँगा।

अभी कुछ सप्ताह पूर्व प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रमोदी ने नागपुर में वार्षिक भारतीय विज्ञान कांग्रेस में राष्ट्र के विकास में साइंस की महत्ता पर जोर देते हुए उनके नारे को दोहराया था जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान।

22 जनवरी को, मुझे भोपाल में 'भारत अन्तराष्ट्रीय विज्ञान उत्सव में भाग लेने का मौका मिला। अद्भुत नजारा था। हजारों स्कूली छात्र, हजारों युवक युवतिया और वयस्कजन, दसियों प्रकार के पंडाल, सभाग्रहों, कक्षाओं में नाना प्रकार के वैज्ञानिक विषयों पर चर्चा कर रहे थे। जादू के खेल थे। कठपुतलियों का नृत्य था। शेडो थिएटर था। रोचक प्रदर्शनियां थीं। समूह चर्चाओं में विचार मंथन हो रहा था। ग्रामीण हस्तशिल्प और बच्चों के खिलौने के पीछे का विज्ञान समझा जा रहा था। मैंने केवल एक गतिविधि में भाग लिया जिसका नाम था विज्ञानिका।

इसमें भारत अनेक भाषाओँ में विज्ञान संचार की विधियों, कलेवर, उपलब्धियों और चुनौतियों पर चर्चा हुई। भारतीय परिपेक्ष में विज्ञान संचार पर दो सत्रों में देश के कोने कोने से आये साइंस-जर्नलिज्म के क्षेत्र में काम करने वाले प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किये । मैंने हिन्दी में विज्ञान प्रसार के क्षेत्र में मेरे कामों के बारे में बताया।

मीडियावाला इस लोकप्रिय प्रतिष्ठित प्लेटफोर्म पर मै प्रति सप्ताह विज्ञान से जुड़ी कहानियाँ सुनाऊंगा और बातें करूँगा। मैं कहना चाहूंगा कि विज्ञान सर्वोपरि है। एक फ्रेंच कहावत है 'चीजें जितनी बदलती हुई प्रतीत



होती हैं, उतनी ही वे वैसी रहती हैं। जितने भी विचार अच्छे और बुरे विचार हैं, वे सब पहले भी कहीं न कहीं किसी न किसी के द्वारा या कि यह उक्ति किसी-न किसी रूप में, किसी न किसी परिस्थिति में सोचे और बोले गये हैं।' विज्ञान पर उपरोक्त कहावत या उक्ति लागू नहीं होती। विज्ञान निरन्तर परिवर्तनशील है। प्रगतिशील है। नये और बेहतर को जन्म देता है। प्रकाश के फैलते हुए दायरे के समान है जो अज्ञान के अंधकार के साम्राज्य को छोटा करता जाता है। मानवजाति की उन्नति के मूल में विज्ञान है। विज्ञान सत्य साधक है और सत्य के अनेक चेहरों में से सबसे प्रमुख और देदीप्यमान है।

यदि साईन्स नहीं तो क्या? जादू-टोना, झाड़फूंक, चमत्कार, प्रार्थना, अपुष्ट ज्ञान, जुआ में पासा फेंकना? विज्ञान विनम्र होता है। अपनी गलतियाँ स्वीकार करता है। स्वयं का खण्डन करता चलता है। सही उत्तर की तलाश में पुन- लग जाता है। उसकी काम करने की अपनी सुपरिभाषित विधियाँ होती हैं। जो चाहे आजमाये। किसी अध्ययन के निष्कर्ष की पुष्टि अनिवार्य होती है। वैज्ञानिक लोग करते ही जाते हैं। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और बहस होती है। विधियों में कमी की तरफ इंगित किया जाता है। सांख्यकीय गणना में गलतियाँ पकड़ी जाती है। अन्योन्य प्रकाशनों का हवाला दिया जाता है।

विज्ञान प्रश्न पूछता है। अध्येता के मन में सवाल उठते हैं? छोटे-छोटे व्यावहारिक प्रश्न। गूढ़ दार्शनिक और आध्यात्मिक प्रश्न नहीं। ज्ञान में सीमान्त पर उठने वाला प्रश्न। उदाहरण के लिये एक अध्ययन में सोचा गया कि चलो यह पता लगायें कि- विज्ञान की प्रगति धीमी होती है। चमत्कार नहीं होते। एक समय में एक कदम। एक बार में एक लघु प्रश्न का एक लघु उत्तर कदम कदम से मील बनते हैं। पीछे मुड़कर देखते हैं तो चमत्कार लगता है- अरे हम इतना आ गये।

मानविकी वाले आर्ट्स वाले, धर्म वाले, विज्ञान पर आरोप लगाते हैं ङ्क ष्ठह्म्4 या शुष्क होने का। कुछ हद तक सही है। लेकिन विज्ञान को मनोरंजक किस्सागोई के रूप में आम लोगों के लिये प्रस्तुत करने वाले अनेक लेखक हैं हालांकि हिन्दी व अन्य भारतीय भाषाओं में कम।

मेरे प्रिय लेखक हैं - ऑलिवर सॉक्स, हेराल्ड क्लावन्स, कार्ल सागन, आईजैक एसिमोव, स्टीफेन हाकिंग, रिचर्ड डाकिन्स, जयन्त विष्णु तार्लिकर, स्टीवेन पिंकर, सिद्धार्थ मुखर्जी, मैट रिडली।

विज्ञान पर आरोप लगता है एरोगेंस का, घमण्ड का। जो गलत है। विज्ञान अपने ज्ञान की सीमाओं को विनम्रता पूर्वक स्वीकार करता है। जहाँ-जहाँ विज्ञान को लगता है, इतना-इतना सत्य उसे मालूम है, वहाँ-वहाँ वह अपनी बात दृढ़ता से रखता है जिसे लोग अहंकार समझते हैं।

विज्ञान पर अगला आरोप है रिडक्शनिज्म का। जंगल की सुन्दरता को निहारने के बजाय एक वृक्ष के एक फूल के रचना विन्यास का विस्तृत अध्ययन करने लगना। इन्द्र धनुष पर कविता लिखने के स्थान पर यह ज्ञात करना कि कैसे पानी की एक एक बूंद में से गुजरने वाली सूरज की किरणें, प्रिज्म- प्रभाव से सात रंगों की पट्टियों में बंट जाती हैं। पीड़ादायी जद्दोजहद की कहानी को विस्तार से सुनने, गुनने और बयाँ करने की जगह, काया के अंगों के भीतर घुस घुस कर किसी सूक्ष्म रासायनिक या कोशिकीय खराबी को पकड़ निकालना जो उस पीड़ा का कारण है।

समग्र और सूक्ष्म में विरोध नहीं है। वे एक दूसरे के पूरक हैं। विज्ञान की सूक्ष्म पड़ताल अन्ततः समग्र की समझ बढ़ाती है। उसके सौंदर्य को बढ़ाती है। वैज्ञानिक लोग बोर नहीं होते। वे भी रसिक होते हैं। उन्हें भी कलाओं का रसास्वादन भाता है। वे स्वीकार करते हैं कि विज्ञान की उनकी दुनिया में ह्यूमेनिटीज के रंग जरूरी हैं। मुश्किल दूसरी तरफ से अधिक है। कला संकाय के विद्वान शिक्षक और लेखक विज्ञान से बेखबर रहते हैं, उसके बारे में नकारात्मक व आलोचनात्मक विचार रखते हैं। दुःख की बात है कि विज्ञान का विरोध दक्षिण पंथ और वामपंथ दोनों तरफ से होता है। दक्षिण पंथी लोग अपने दकियानूसी अंधविश्वासी रिलीजियस विचारों में जकड़े होते हैं। वामपंथी लोग, क्रिटीकल रेस थ्योरी और पोस्ट मार्डनिज़्म के चलते विज्ञान को शक्ति, सत्ता और दमन का औजार समझते हैं। मैं दोनों प्रकार की आलोचनाओं से असहमत हूँ।

डॉ अपूर्व पौराणिक

# विलक्षण जैन- दीक्षा समारोह

**डा. वेद प्रताप वैदिक**

26 जनवरी के दिन अक्सर हम पहले फौजी परेड देखते हैं और फिर रात को राष्ट्रपति भवन में प्रीति-भोज होता है लेकिन इस बार गुजरात के पालीताणा नामक स्थान में मेरा यह गणतंत्र दिवस बीता। यहां रहकर जो अनुभव हुआ, यह जीवन में कभी नहीं हुआ। आज सूरत निवासी सेतुक अनिल भाई शाह को जैन मुनि की दीक्षा दी गई। पिछले 50-55 साल में मुझे लगभग सभी धर्मों के तीर्थ स्थलों पर जाने का अवसर मिला है। भारत में तो सर्वत्र गया ही हूं लेकिन इटली में वेटिकन, ईरान में मशद, एराक में बगदाद की गैलानी दरगाह, चीन और जापान के बौद्ध स्थलों और समारोहों में भी शामिल होने मुझे मिले हैं लेकिन पालीताणा में प्रवेश करते ही एकदम विलक्षण अनुभूति हुई।

अहमदाबाद से लगभग 200 किमी पर स्थित इस कस्बे में जैसे ही घुसे, एक जैन मंदिर के बाद दूसरा जैन मंदिर दिखाई दिया। यहां जो धर्मशालाएं बनी हैं, उनका वास्तुशास्त्र भी मंदिर जैसा ही है। सेतुक शाह आज से मुनि बन गए हैं। वे सूरत के अरबपति परिवार के युवक हैं। वे जब कल मुझसे मिले तो मुझे लगा कि ये कोई राजकुमार तो नहीं है? कल जिसका हीरों-मोतियों से जड़ा अत्यंत भव्य वेश और अत्यंत प्रेमल व्यवहार दिखा, उसे आज सफेद अंग वस्त्र और मंडित सिर में देखकर आप दंग रह जाएंगे।

आज से सेतुक संन्यासी, भिक्षु, मुनि बन गया है। निर्लिप्त, अनासक्त, त्यागी, निर्मोही । वस्त्रों की बोली (नीलामी) लगी तो करोड़ों रु. इकट्ठे हो गए। यह पैसा परमार्थ खर्च होगा। उसके दीक्षा समारोह में भाग लेने के लिए लगभग 10 हजार लोग पालीताणा में उपस्थित हुए थे। हजारों लोग एक साथ गाते-बजाते, हुंकार करते, मंत्रोच्चार करते! इतना सम्मोहक वातावरण आज तक मैंने किसी मंदिर, किसी मस्जिद, किसी गिरजे, किसी गुरूद्वारे और किसी साइनेगॉग में नहीं देखा। इन हजारों लोगों के सोने, खाने और आने-जाने का इंतजाम इतना बढ़िया था कि उसे देखकर दंग रह जाना पड़ता है।

दीक्षा समारोह की पूर्व - रात्रि को विशाल सभा - स्थल की सजावट आश्चर्यजनक थी। बिजली का एक भी गोला वहां नहीं जल रहा था। लाखों दीपकों से सभा स्थल प्रकाशित था। हजारों लोगों तक प्रवचनों और संचालकों की आवाज बिना लाउडस्पीकर के ही पहुंच रही थी। मोबाइल फोनों पर पूर्ण प्रतिबंध था। उपहार की सैकड़ों चांदी-सोने, पीतल-तांबे और काष्ठ की कलाकृतियां सब हाथ से बनी हुई थीं। रात को कुछ प्रमुख मुनियों से आर्यावर्त्त के महावीर स्वामी के स्वप्न और मेरी जन- दक्षेस की धारणा के बारे में भी संवाद हुआ। अब सेतुक का नाम त्रिभुवनहित विजय हो गया है। मुनि के रूप में अब सेतु से आशा है कि वह भारत में ही नहीं, दक्षेस के सभी 16 पड़ौसी देशों में अहिंसा और अपरिग्रह का संदेश फैलाएंगे।

×××

# टीचर ने कहा था डॉ बनकर किसी को निचोड़ना मत, डॉ डावर ने वही किया!



जबलपुर के डॉ मुनीश्वर चंद्र डावर को नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 77 साल के डॉ डावर को मरीजों के सस्ते इलाज के लिए यह सम्मान मिला। वे आज भी 20 रुपए फीस पर इलाज करते हैं। उन्होंने 50 साल पहले 2 रुपए फीस लेकर प्रैक्टिस शुरू की थी। डॉ डावर सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान उनकी पोस्टिंग बांग्लादेश में थी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी उन्हें इस उपलब्धि पर सम्मानित किया।

डॉ डावर के मुताबिक, वे नहाकर कपड़े पहन रहे थे, इतने में उन्हें दिल्ली से कॉल आया। यह बुधवार सुबह की बात है। मुझसे कहा गया कि बधाई हो आपको पद्मश्री के लिए सिलेक्ट किया गया है। मुझसे मेरे नाम की स्पेलिंग और दूसरी जानकारी पूछी गई। बताया कि रात 8 बजे नाम की घोषणा हो जाएगी। अभी आप किसी से इस बात की चर्चा मत कीजिएगा। मैं बहुत खुश हुआ और अपने बेटे को यह बात बता दी। रात 8 बजे जैसे ही पद्मश्री की घोषणा हुई, घर बधाई देने वाले लोगों का तांता लग गया।

**सेवा की प्रेरणा टीचर से मिली**

डॉ डावर को कम फीस लेकर लोगों की सेवा करने की प्रेरणा उनके एक टीचर तुलसीदास से मिली। उन्होंने कहा था कि डॉक्टर बनने के बाद कभी किसी को निचोड़ना मत। उनकी प्रेरणा के बाद में समाज सेवा निरंतर करता रहा।



हालांकि, इस बीच मुझे अपने स्वास्थ्य कारणों से अड़चनें भी आईं, लेकिन मैंने अपनी सेवाभाव से कभी समझौता नहीं किया। डॉ डावर के मुताबिक, वे कोरोना काल में भी लोगों की मदद करना चाहते थे। वे अपना शत-प्रतिशत नहीं दे पाए, क्योंकि उन्हें भी दो बार कोरोना हो गया था। इसका उन्हें आज भी अफसोस है।

**सेना में भी जवानों सैकड़ों को बचाया**

डॉ डावर ने बताया कि जब उन्होंने सेना में भर्ती के लिए एग्जाम दिया था, तब 533 उम्मीदवारों में से केवल 23 ही सिलेक्ट हुए थे। इनमें से 9वें नंबर पर उनका नाम था। 1971 की भारत-पाकिस्तान जंग के दौरान उनकी पोस्टिंग बांग्लादेश में की गई। डॉ डावर ने न जाने कितने घायल जवानों का इलाज किया। जंग खत्म होने के बाद स्वास्थ्य समस्याओं के चलते उन्हें समय से पहले रिटायरमेंट लेना पड़ा। इसके बाद 1972 से उन्होंने जबलपुर में अपनी प्रैक्टिस शुरू की।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे... बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री ने अब किस पर साधा निशाना?



बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री हिंदुओं के धर्मांतरण का खुलकर विरोध करते हैं. इसको लेकर वह मुस्लिम धर्मगुरुओं के निशाने पर आ चुके हैं. उन्होंने धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ धर्मांतरण विरोधी कानून के तहत कार्रवाई करने की मांग की है. इस बीच उत्तराखंड पहुंचे शास्त्री ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे।

बागेश्वर धाम वाले बाबा के तेवर तल्ख होते जा रहे हैं. पंडित धीरेंद्र शास्त्री पहले ही कह चुके हैं कि वो अंतिम सांस तक घर वापसी कराते रहेंगे. अब धीरेंद्र शास्त्री ने उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाले लोगों को नसीहत दी है. उन्होंने उत्तराखंड से वीडियो जारी कर कहा कि कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे।

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि ये वही उत्तराखंड है, जहां जोशीमठ में कुदरत का प्रकोप सैकड़ों घरों में दरार पैदा कर रहा है. जमीन धंस रही है. लोग घर छोड़कर जा चुके हैं. बता दें कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बाबा को जोशीमठ में चमत्कार दिखाने की चुनौती दी थी. हालांकि, उत्तराखंड से वीडियो जारी करने वाले धीरेंद्र शास्त्री ने जोशीमठ का जिक्र नहीं किया।

**कायदा कौन-सा और फायदा कैसे?**

इस दौरान बाबा ने सनातन धर्म का झंडा गाड़े रहने के साथ ही कायदे की बात भी बता दी. हालांकि कायदा कौन सा और फायदे कैसे और किसका, इसका जवाब तो धीरेंद्र शास्त्री ने नहीं बताया. हालांकि कायदे की बात नागपुर की अंधविश्वास निर्मूलन समिति के लोगों के लिए कही जा रही है, जिसकी शिकायत पर धीरेंद्र शास्त्री को पुलिस ने क्लीनचिट दे दी है या फिर धर्मांतरण को लेकर मुस्लिम धर्मगुरुओं के लिए, जिन्होंने उन पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है. ये तो वही बता सकते हैं।

**मुस्लिम धर्मगुरु ने की कार्रवाई की मांग**

बता दें कि ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि बाबा धीरेंद्र शास्त्री भारत में नफरत फैला रहे हैं. वह अपने ओपन कार्यक्रमों में इस्लाम धर्म को कमजोर करने की साजिश रच रह हैं और उसका मजाक बना रहे हैं. उन्होंने दावा किया कि धीरेंद्र शास्त्री अब तक 328 पुरुष और महिलाओं का धर्मांतरण करवा चुके हैं. उन्होंने खुद कहा कि बहुत से टोपी वालों का भी हम धर्म बदल देंगे. इस तरह बहुत सारे उनके भाषण है, जिसमें धर्मांतरण की बात करते हैं।

# इस बजट में बुजुर्गों को ब्याज में राहत मिलने का आसार

नई दिल्ली। इस बजट में सीनियर सिटीजन को एक बड़ी सौगात मिलने के आसार हैं। विभिन्न बचत योजनाओं में सीनियर सिटीजंस को मिलने वाले इंटरेस्ट पर लगने वाले टैक्स की सीमा को एसबीआई रिसर्च ने बढ़ाने का सुझाव दिया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए बचत खातों, फिक्स्ड डिपॉजिट और रेकरिंग डिपॉजिट पर 50 हजार रुपए तक की ब्याज आय को वर्तमान में धारा 80ञ्जञ्जक्क के तहत आयकर से छूट दी गई है। एसबीआई रिसर्च ने अपनी हाल की रिपोर्ट में सुझाव दिया कि इस सीमा को बढ़ाना चाहिए।

एसबीआई के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ सौम्य कांति घोष ने कहा कि सेक्शन 80टीटीबी के तहत वरिष्ठ नागरिक (बचत बैंक खाते, एफडी, रेकरिंग अकाउंट) द्वारा जमा राशि से 50 हज़ार तक की ब्याज आय को आयकर से छूट दी गई। इस सीमा को बढ़ाकर 75 हज़ार या 1 लाख किया जा सकता है, जिसकी राजकोषीय लागत अभी भी बहुत कम होगी।

एसबीआई रिसर्च ने यह भी सुझाव दिया कि सरकार को छोटी बचत जमा को बढ़ावा देने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना की सदस्यता के लिए अधिकतम आयु सीमा बढ़ाकर 12 वर्ष करनी चाहिए। इस रिपोर्ट में उम्मीद जताई है कि सरकार स्न्रङ्ख24 में राजकोषीय घाटे में सुधार के लिए छोटी बचत योजनाओं पर निर्भर रहना जारी रखेगी।

# नवनियुक्त आरक्षक वर्दी की मर्यादा कभी न भूलें: मुख्यमंत्री



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश पुलिस का चेहरा संवेदनशीलता, वीरता, देश भक्ति और अनुशासन का है। इसे कभी बिगड़ने मत देना, यही पूँजी है जिसने मध्यप्रदेश पुलिस का देश में विशेष स्थान बनाया है। आज जिन नौजवानों ने पुलिस की वर्दी पहनी है, यह साधारण वर्दी नहीं है। यह वर्दी है देश और प्रदेश की सुरक्षा, अपराधियों को नेस्तनाबूद करने, निर्बलों को ताकत देने, अपराधियों को कुचलने और सज्जनों का उद्धार करने की। इसकी मर्यादाओं को कभी भूलना नहीं और इस पर कभी कलंक मत लगने देना। अपनी माँ और भारत माँ के दूध की लाज रखना, आपका दायित्व है। नव आरक्षक, जोश, जुनून और उत्साह के साथ अपने कर्त्तव्य पथ पर अग्रसर हों।

मुख्यमंत्री चौहान आज रक्षित केन्द्र, नेहरू नगर भोपाल में नवनियुक्त 06 हजार आरक्षकों को नियुक्ति प्रमाण-पत्र वितरण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री चौहान का बिगुल और बैंड की ध्वनि के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री चौहान ने दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मध्यप्रदेश पुलिस के आरक्षकों ने मध्यप्रदेश गान प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री चौहान ने अपने आशीर्वाद तथा शुभकामनाओं के प्रतीक स्वरूप नव आरक्षकों पर पुष्प वर्षा की।

सभी 6 हजार नव आरक्षकों ने करतल ध्वनि से मुख्यमंत्री चौहान का अभिवादन किया। नव आरक्षकों की ओर से खरगोन की सुरक्षा सोलंकी और निवाड़ी में पदस्थ आकाश कुशवाह ने पुलिस में चयन तथा अपने लक्ष्यों के संबंध में?विचार साझा किए। मुख्यमंत्री चौहान ने प्रतीक स्वरूप 5 नव आरक्षकों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि नव आरक्षकों का चयन पारदर्शी प्रक्रिया से उनकी मेहनत, लगन, योग्यता और कर्तव्यनिष्ठा के आधार पर हुआ है, इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। पुलिस का कार्य केवल नौकरी नहीं, देशभक्ति और जनसेवा का संकल्प भी है। मध्यप्रदेश पुलिस का गौरवशाली इतिहास रहा है।



# पत्रकार सच्चाई का साथ दे: नकुलनाथ

**प्रेस क्लब को दिया बैडमिंटन का सिंथेटिक कोर्ट**

छिंदवाड़ा जिले के पत्रकारों की सोच अन्य जिलों से अलग है जिले के पत्रकार बड़े शहरों की पत्रकारिता में कम नहीं है मेरा कहना है कि पत्रकार हमेशा सच्चाई का साथ दें सांसद नकुल नाथ प्रेस क्लब द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने प्रेस क्लब के लिए बैडमिंटन का सिंथेटिक कोर्ट की स्वीकृति दी। कार्यक्रम में कैलाश पाटनी, प्रसून श्रीवास्तव, केशव साहू, बलराज जडेजा, गुणेंद्र दुबे, नरेंद्र जसवाल का सांसद ने सम्मान किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन पांडे पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष रत्नेश जैन सुधीर दुबे गोविंद चौरसिया आर एस वर्मा एवं अन्य पत्रकारों ने सांसद नकुल नाथ का स्वागत किया कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष गंगा तिवारी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथओकते,जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार पर महापौर विक्रम अहके, गोविंद राय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित सक्सेना सुधीर पाटनी,गुरु चरण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन पांडे ने अध्यक्षीय भाषण दिया। संदीप चोरे ने मंच संचालन किया सचिव गिरीश लालवानी ने सांसद का स्वागत किया।



सागर कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक मैं म्राजस्वएवंपरिवहनमंत्रीश्रीगोविंदसिंहद्बराजपूत जी ने भाग लिया। बैठक में प्रमुख रूप से मध्यप्रदेश शासन के साथी मंत्री सहकारिता एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री अरविंद भदौरिया जी की अध्यक्षता में बैठक हुई बैठक में सागर विधायक शैलेंद्र जैन , सांसद राजबहादुर सिंह, विधायक प्रदीप लारिया , विधायक महेश राय , जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, महापौर संगीता सुशील तिवारी, खनिज निगम उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह मोकलपुर, जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया,निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, कलेक्टर दीपक आर्य एवं अन्य अधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## ज्ञानवीर महाविद्यालय में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

# हमें अपने संविधान का आदर और सम्मान करना चाहिए: सविता सिंह राजपूत



## आजाद हिंदुस्तान में सबको सपने देखने का हक है: आकाश सिंह राजपूत

**सागर।** ज्ञानवीर सेवा समिति के अंतर्गत संचालित ज्ञानवीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेनेजमेंट एण्ड साइंस ज्ञानवीर आईटीआई, ज्ञानवीर नर्सिंग, ज्ञानवीर पैरामेडिकल कॉलेज में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति सविता गोविंद सिंह राजपूत ने ध्वजा रोहण करते हुये छात्र छात्राओं को संबोधित किया। श्रीमति सविता सिंह राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रति हमारी जो जिम्मेदारी है उसका हमें ईमानदारी के साथ निर्वाहन करना चाहिए साथ ही हमें अपने संविधान का आदर और सम्मान करना चाहिए इस अवसर पर आकाश सिंह राजपूत ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि आजाद हिंदुस्तान में सबकों सपने देखने का हक है और उन्हें साकार करने का अधिकार है यह अधिकार हमारा संविधान हमें देता है। आकाश सिंह राजपूत ने स्कूल छात्र छात्राओं के साथ अपने गाने की लांचिंग की तथा बच्चों के साथ गाना गया। इस अवसर पर डॉ. महेश प्रसाद शुक्ला, मनीष जैन, डॉ. विनोद सिंह तोमर, डॉ. पूर्वा जैन, आशुतोष सिंह राजपूत, नंदकिशोर सूर्यवंशी, नीतेश प्रजापति, जैशमिन, सुश्री महिमा सिंह, डॉ. आशीष जैन, डॉ. किरण गुप्ता एवं समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# एकीकृत विष विज्ञान पर तीसरा सत्र आयोजित

भोपाल। प्रो. (डॉ.) अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक एवं सी.ई.ओ. एम्स, भोपाल की गरिमामयी उपस्थिति में संस्थान के फॉरेंसिक मेडिसिन एवं विष विज्ञान विभाग द्वारा एकीकृत विष विज्ञान विषय पर तीसरा सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान प्रो0 (डॉ.) अजय सिंह ने विभिन्न विभागों में अलग-अलग नैदानिक परिदृश्यों से निपटने के दौरान एकीकृत दृष्टिकोण अपनाए जाने के महत्व पर जोर दिया और इस सत्र के सफल आयोजन में शामिल सभी लोगों द्वारा किए गए कड़े परिश्रम के लिए उनकी सराहना की।

यह सत्र सांप के काटने के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इसमें सांप के जहर के असर की क्रियाविधि, सांप के काटने की चोट की पैथो-फिजियोलॉजी और हिस्टोलॉजी, सांप के काटने का नैदानिक और चिकित्सकीय कानूनी प्रबंधन और सांप के काटने के मामले में पोस्ट-मॉर्टम में बदलाव के पहलुओं पर चर्चा शामिल है । इस सत्र में फार्माकोलॉजी, पैथोलॉजी और लेबोरेटरी मेडिसिन, सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा, जनरल मेडिसिन, एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर तथा फोरेंसिक मेडिसिन और विष विज्ञान सहित विभिन्न विभागों के संकाय सदस्यों और रेजिडेंट्स द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया ।

## गायों के लिए नवीन पुरस्कार योजना

भोपाल। पशुपालन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना में प्रदेश की मूल गौ-वंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों के लिये पुरस्कार योजना लागू की जा रही है। देश-प्रदेश की देशी नस्लों के गौपालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई योजना में 1 से 15 फरवरी जो तक प्रदेश की मूल और भारतीय उन्नत नस्ल की गायों की प्रतियोगिताएँ होंगी।

## नाम परिवर्तन

मैं कपिल (KAPIL) पुत्र रमण सिंह (RAMAN SINGH) सर्वसाधारण को सूचित करता हु की मेरी स्कूल एवं कॉलेज की मार्कशीट में मेरा नाम कपिल (KAPIL) पुत्र रमण सिंह (RAMAN SINGH) आयु- 21 वर्ष, निवासी मुकाम पोस्ट-उमरिया जिला-बैतूल म.प्र.460551 त्रुटिवश मेरे कुछ दस्तावेजों आधार कार्ड एवं पैनकार्ड में कपिल सिंह कुशवाह ( KAPIL SINGH KUSHWA ) पूत्र रमण सिंह कुशवाह ( RAMAN SINGH KUSHWA ) हो गया है जिसे में बदलवाना चाहता हूं और अब से मुझे मेरे सही नाम कपिल ( KAPIL ) पुत्र रमण सिंह (RAMAN SINGH) के नाम से जाना व पहचाना जाए, आमजन एवं सर्वजन सूचित हो.

# हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति ने शासकीय स्कूल मुगालिया में किया ध्वजारोहण



भोपाल। हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर खेम सिंह डेहरिया 74 वे गणतंत्र दिवस के अवसर मुगालिया कोट ग्राम स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हूए माननीय कुलपति ने ध्वजारोहण किया और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत का अवलोकन किया और उनको प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कारों का वितरण भी किया गया इस अवसर पर ग्राम सरपंच माध्यमिक शाला के शिक्षक गांव के सम्मानीय नागरिक गण एवं समस्त शिक्षक शिक्षक, कर्मचारी भी उपस्थित रहें!

# डॉ महेश कुमार चांडक हुए सम्मानित



**भोपाल।** बालाघाट, 74 वे गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह कार्यक्रम में राज्य मंत्री जल संसाधन श्री रामकिशोर कावरे ने जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट में पिछले वर्ष की समीक्षा के बेहतर प्रतिवेदन के लिए आयोग सदस्य / जज डॉ महेश कुमार चांडक को सम्मानित किया । आयोग सदस्य/ जज डॉ चांडक द्वारा किए गए इस जनहितेशी कार्य को सराहा भी गया। इस मौके पर मंत्री राम किशोर कावरे ने जिला कलेक्टर श्री गिरीश कुमार मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ की उपस्थिति में आयोग सदस्य / जज डॉ. चाडंक को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया ।

# एम्स में इंटीग्रेटिव हेल्थ क्लीनिक का शुभारंभ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



एम्स भोपाल के आयुष विभाग में शरीर क्रिया एवं सामुदायिक चिकित्सा विभाग के सामंजस्य से एक इंटीग्रेटिव हेल्थ क्लीनिक का शुभारंभ माननीय कार्यपालक निदेशक प्रो. डॉ. अजय सिंह के मार्गदर्शन में किया गया । इस क्लीनिक एम्स में आने वाले रोगियों की जीवन शैली संबंधित काउंसलिंग कर, उचित खान-पान, निद्रा, व्यायम, आध्यात्मिकता, पर्वावरण, चिंता, तनाव, व्यसन आदि से संबंधित मुद्दों पर चर्चा कर उचित दिशा निर्देश दिए जाएंगे । इंटीग्रेटिव हेल्थ क्लिनिक का उद्घाटन 27 जनवरी 2023 को आयुष भवन प्रथम तल पर कार्यपालक निदेशक प्रो. डॉ. अजय सिंह ने शिलापट्ट का अनावरण तथा भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया। निदेशक महोदय ने अपने भाषण में सभी विभागों के एकीकृत प्रयासों की सराहना की । उन्होंने कहा कि अनुसंधान और चिकित्सा में निरंतर विकास के बावजूद विश्व स्तर पर मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मेटाबोलिक सिंड्रोम, मानसिक स्वास्थ्य और कैंसर जैसे गैर-संचारी रोग बढ़ रहे हैं, जो कि गंभीर चिंता का विषय हैं । ऐसे में रोगियों के लिए जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं में सुधार करना बहुत फायदेमंद कदम साबित होगा। कार्यक्रम में डीन अकादमिक प्रो. डॉ. राजेश मलिक, चिकित्सा अधीक्षक प्रो.डॉ. मनीषा श्रीवास्तव, उपनिदेशक प्रशासन कर्नल डॉ अजीत कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता मिश्रा, आयुष विभाग द्वारा सुंदर संस्कृत श्लोकों के तारतम्य में किया गया। कार्यक्रम डॉ. रंजना पाण्डेय, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुआ। डॉ. रचना पाराशर एसोसिएट प्रोफ़ेसर ने बताया कि फिजियोलॉजी विभाग, आयुष विभाग, डाईटेटिक एवं सामुदायिक चिकित्सा विभाग और अन्य सभी नैदानिक विभागों के सहयोग से इस क्लिनिक को प्रतिदिन प्रात: 10 से 1 बजे तक संचालित किया जाएगा ।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**यांत्रिक विभाग (मुख्यालय) गोविंदपुरा (बी.एच.ई.एल.)**
**निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र**
क्रं.103 /यां.वि./2023 भोपाल, दिनांक 27/01/2023

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| S. No. | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs. in lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Period of Completion (in Months) | SOR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_ UAD_ 247555_1 | CONSTRUCTI ON OF C C ROAD INFRUNT OF 9-B/ 100 AND 278 SAKET NAGAR W-54 ZONE-13 | 750652/- | 7507/- | 2000/- | 02 months | MPUADD ISSR 2021 |

1 Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2 The Bid Document can be purchased only online from 10.30 A.M. (time) 26.01.2023 (date) to 17.30 P.M. (time) 09.02.2023 (date).
3 Amendmentsto NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.
4. The initial period of 05(FIVE) year after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP).
T.N. 1433/022/023

Executive Engineer
MUNICIPALCORPORATION BHOPAL, District, BHOPAL

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बैतूल (म.प्र.)**

क्रमांक/स्व.शा./ई/ 321 — बैतूल, दिनांक 16.01.2023

**ई-टेंडर आमंत्रण सूचन।**
**(प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)**

नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा संधारण कार्य हेतु निम्न कार्य के लिए ऑन लाईन निविदा सामग्री दर पर ( ITEM Rate ) आमंत्रित की जाती है। शेष जानकारी के लिए कृपया https://mptenders.gov.in/nicgep/app देखे।

| क्रं. | ऑनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि रु. | अमानत राशि रूपये | निविदा ऑनलाईन जमा दिनांक | निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_ 245212_1 | FOUR WHEELER VEHICLE ON RENT FOR NAGAR PALIKA BETUL | 800000/- | 8000/- | 01.02.2023 | 2000/- | सक्षम श्रेणी |

शर्तें:- 1. कार्य से संबंधित समस्त शर्तो का कार्यालयीन समय में स्वास्थ्य शाखा नगर पालिका परिषद बैतूल में अवलोकन किया जा सकता है। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन केवल ऑनलाईन ही दर्ज किया जावेगा।

श्रीमती पार्वती बारस्कर, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बैतूल
श्री महेश राठौर, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बैतूल
श्रीमती कल्पना धोटे, सभापति, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग
श्री अक्षत बुंदेला, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद बैतूल

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं झांकियों की हुई प्रस्तुति

## शान से लहराया तिरंगा, कलेक्टर श्रीमती पटले ने मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया





**छिन्दवाडा।** 74वां गणतंत्र दिवस जिला मुख्यालय छिंदवाड़ा के पुलिस परेड ग्राउण्ड पर हर्षोल्लास और उमंग के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया । कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली । कलेक्टर श्रीमती पटले के ध्वजारोहण करते ही पुलिस परेड ग्राउण्ड जन-गण-मन अधिनायक .... की गूंज से गुजांयमान हो उठा। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती पटले ने नील गगन में हर्ष और खुशी के प्रतीक गुब्बारे छोड़े । समारोह में हर्ष फायर एवं आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत की गई । कलेक्टर श्रीमती पटले ने खुली जीप में पुलिस अधीक्षक श्री विनायक वर्मा एवं परेड कमांडर श्रीमती हेमलता झरबड़े के साथ परेड का निरीक्षण किया । मुख्य अतिथि द्वारा समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री रूपचंद राय, शहीद स्वर्गीय लालमन की पत्नी वीर महिला श्रीमती ललती बाई और शहीद अमित ठेंगे के पिता मधुकरराव ठेंगे और लोकतंत्र सेनानियों का शाल, श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से अभिनंदन भी किया। मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती पटले ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया।

### अधिकारी कर्मचारियों को किया पुरूस्कृत

सांस्कृतिक और अन्य कार्यक्रमों के लिये पुरस्कार वितरित-समारोह में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सराहनीय प्रस्तुति देने पर सनरेज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रथम, जवाहर नवोदय विद्यालय सिंगोड़ी के छात्र-छात्राओं को व्दितीय और केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-एक के छात्र-छात्राओं को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किये गये । कार्यक्रम में संस्कार वेली पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल और भारत भारती विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी । व्यायाम प्रदर्शन में संत जोसफ हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं को प्रथम और फर्स्ट स्टेप हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं को व्दितीय पुरूस्कार प्रदान किये गये । कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण, जल संसाधन, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, उद्यानिकी, मत्स्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरपालिक निगम, जनजातीय कार्य, कृषि, स्कूल शिक्षा, वन, उद्योग और पुलिस विभागों द्वारा प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विभागीय कार्यक्रमों की झांकियों का प्रदर्शन किया गया जिसमें कृषि विभाग की झांकी को प्रथम, पुलिस विभाग की झांकी को व्दितीय और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की झांकी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया । समारोह में विशेष सशस्त्र बल आठवीं वाहिनी, जिला पुलिस बल पुरूष और महिला, होमगार्ड, एन.सी.सी.सीनियर बालक और बालिका, एन.सी.सी.जूनियर बालिका, स्काउट गाईड्स एवं वन विभाग द्वारा परेड की गई जिसमें विशेष सशस्त्र बल आठवीं वाहिनी को प्रथम, जिला पुलिस बल पुरूष को व्दितीय, एन.सी.सी.सीनियर बालिका को प्रथम व बालक को व्दितीय तथा स्काउट गाईड्स को प्रथम व एन.सी.सी.जूनियर बालिका को व्दितीय पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार बेस्ट परेड कमांडर का पुरस्कार सूबेदार सुश्री हेमलता झरबड़े और बेस्ट परेड सेकेंड इन कमांडर का पुरस्कार सुश्री कमला कुशवाह को प्रदान किया गया । साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर 213 अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य व्यक्तियों को पुरस्कृत किया गया।



### कलेक्टर श्रीमती पटले ने कलेक्टर कार्यालय में किया ध्वजारोहण

छिन्दवाडा। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर कार्यालय में ध्वजारोहण किया । इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेन्द्र नारायण, अतिरिक्त कलेक्टर श्री ओ.पी.सनोडिया, सहायक कलेक्टर सुश्री वैशाली जैन, एस.डी.एम. श्री अतुल सिंह, जिला प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी, पत्रकार और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे । कार्यक्रम में शासकीय कला पथक दल के साथ सभी ने राष्ट्र गान का गायन किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनायें दी।

### कलेक्टर श्रीमती पटले ने विद्यार्थियों के साथ खाई खीर-पूरी

छिन्दवाडा। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आज छिन्दवाडा नगर की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खजरी में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय विशेष भोज संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने विद्यार्थियों के साथ सुस्वादु पौष्टिक भोजन खीर-पूरी का स्वाद चखा । उन्होंने प्रारंभ में दीप प्रज्जवलित कर और माॅ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद कार्यक्रम में एक छात्रा और एक छात्र को भोजन खिलाकर विशेष भोज कार्यक्रम की शुरूआत की । विशेष भोज कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती पटले, अन्य अतिथि व प्रशासनिक अधिकारियों को अपने साथ पाकर विद्यार्थी उत्साहित व प्रसन्न हुये।

## पेंशनर्स समाज परासिया ने धूमधाम से मनाया 74वा गणतंत्र दिवस



**छिंदवाड़ा ।** अधिक संख्या में पेंशनर पेंशनर्स भवन परासिया के प्रांगण में प्रातः एकत्रित हुए माननीय विधायक श्री सोहनलाल वाल्मीकि जी ने प्रातः 8ः30 बजे ध्वजारोहण किया। ध्वज वंदन एवं सामूहिक राष्ट्रगान किया गया है पेंशनरों द्वारा देशभक्ति गीतों से वातावरण को देश प्रेम भावनाओं से ओत प्रोत कर दिया माननीय विधायक महोदय ने अपने संबोधन में पेंशनर्स समाज द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और कहा कि मैं पेंशनर्स समाज परासिया के लिए हर संभव सहयोग करुंगा। उपस्थित विधायक सहित सभी अतिथियों, पेंशनरों, नागरिकों का आभार प्रदर्शन किया गया।

## वेयर हाउस मैनेजर को रिश्वत लेने पर 4 वर्ष की सजा

**छिन्दवाड़ा ।** भ्रष्टाचार के आरोप में लोकायुक्त पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई पर अदालत ने वेयर हाउस के प्रबंधक को चार वर्ष की सजा सुनाई है आरोपी प्रबधक सुरेंद्र सिंह रघुवंशी ने पिंडरई कला सोसायटी के प्रबंधक से मक्का की गुणवत्ता की जांच के नाम पर 20 हजार की रिस्वत मांगी थी जिस पर लोकायुक्त ने प्रकरण दर्ज कर अदालत में पेश किया था जिस पर अदालत ने सजा सुनाई।

## जगमोहन चौक पर महापौर ने किया झंडावंदन

### स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी बाबू की मूर्ति पर किया माल्यार्पण



**छिन्दवाड़ा ।** स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय बाबू जगमोहन लाल श्रीवास्तव जी की प्रतिमा स्थल, जगमोहन चौक पर महापौर विक्रम आहाके द्वारा झंडावंदन किया गया एवं बाबूजी का माल्यार्पण किया गया. माल्यार्पण में राजस्व सभापति तरुण कराडे , जल सभापति प्रमोद शर्मा, मनोज कुशवाहा , पार्षद दल नेता पंडित राम शर्मा, पार्षद श्रीमति मंजू बैस ,पार्षद श्रीमति सरला श्रीवास्तव,पुत्र प्रफुल्ल कुमार, प्रदीप कुमार, प्रकाश कुमार पुत्र वधु श्रीमति मुक्ता, श्रीमति किरण ( पूर्व पार्षद )पौत्र आशुतोष अभिलाष मनीष अखिल समीर अमित परिवार के सदस्य और वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## चौरसिया समाज की कार्यकारिणी गठित

### समाज में फैली कुरूतियो को मिटाने का लिया संकल्प

**छिंदवाड़ा ।** छिंदवाड़ा जिले के चौरसिया भवन में आज जिला चौरसिया समाज की कार्यकारिणी विस्तार की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला चौरसिया समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौरसिया की अध्यक्षता में समाज की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमे चौरसिया समाज छिंदवाड़ा के उपाध्यक्ष मदन चौरसिया, पुरुषोत्तम चौरसिया,राजेश चौरसिया, आनंद चौरसिया, संजय चौरसिया, मनीष चौरसिया, सचिव अभिषेक चौरसिया, सहसचिव नीतिन चौरसिया, दीपक चौरसिया, हरिओम चौरसिया, कोषाध्यक्ष रूपेश चौरसिया, सहकोषाध्यक्ष अजय(पिंटू) चौरसिया, प्रचार प्रसार प्रमुख अंकित सेढिया, अमित चौरसिया, विकास (पप्पू)चौरसिया, गौरव चौरसिया, नीरज (सन्नी) चौरसिया, संपर्क प्रमुख मुकेश चौरसिया, सुरेश चौरसिया अनिल शीतल चौरसिया, दिलीप चौरसिया, मीडिया प्रभारी सचिन चौरसिया को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। इस अवसर पर चौरसिया समाज के जिलाध्यक्ष धर्मेद्र चौरसिया ने अपनी कार्यकारिणी बनाते हुए पदाधिकारियो की घोषणा की ओर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को समाज हित में आगे बढ़ते हुए समाज में फैली कुरूतियो , बुराईयो को दूर कर समाज को नई ऊंचाईयो तक ले जाने आदि की बात कही वही सभी लोगो को बधाई देते हुए समाज हित में कार्य करने की शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर चौरसिया समाज के अनेक लोग प्रमुख रूप से रूप से उपस्थित रहे।

## डॉ.आम्बेडकर की स्कूल में फोटो ना रखने के विरोध में ज्ञापन



**छिन्दवाड़ा ।** छिन्दवाड़ा जिले के बिछुआ ब्लॉक के लोहांगी गांव के शासकीय उ.मा.विघालय के प्राचार्य के द्वारा संविधान निर्माता डॉ.बाबा साहब आम्बेडकर जी की फोटो नहीं रखने को लेकर लोहांगी गांव के स्थानीय लोगों के द्वारा वहाँ के प्राचार्य को बोला गया कि बाबा साहब की फोटो स्कूल में क्यों नहीं है तो वहाँ के प्राचार्य के द्वारा बोला गया कि हम बाबा साहब को नहीं मानते और सांस्कृतिक कार्यक्रम में बाबा के नाम के गीतों पर वहाँ की एक छोटी बच्ची नब्बया जाम्बोलकर पांचवी कक्षा की छात्रा को भीम गानों के लिये रोका गया । जिसको लेकर आज दिनांक शुक्रवार को वहाँ के ग्रामीणजन एवं छिन्दवाड़ा के सामाजिक संगठनों के द्वारा जिला कलेक्टर महोदया को ज्ञापन देकर अवगत कराया गया और निवेदन किया गया कि इस घटना के संबंध में जाँच कर वहाँ के प्राचार्य के खिलाफ उचित कार्यवाही की जावें एवं निलंबित किया जावें एवं यह सरासर भेदभाव किया गया है एवं संविधान के खिलाफ है जिले के सभी सरकारी संस्थाओं की भीमराव आम्बेडकर जी प्रतिमा अनिवार्य रूप से लगायी जाये अन्यथा जय भीम सेना एवं समस्त सामाजिक संगठन के द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा। जिसमें मुख्य रूप से जय भीम सेना शिवम् पहाडे ,भीम आर्मी संजय गांजरे ,ओ.बी.सी.महासभा अध्यक्ष विपिन वर्मा ,रामाजी सहारे ,नरेश बोसम आदि लोग उपस्थित थे।

## 5 हजार भक्तों ने किया महाप्रसाद ग्रहण

### संदीप श्रीराम रघुवंशी परिवार ने आयोजित की थी भागवत कथा



**चौरइ** चौरई लोनीबर्रा में श्रीमदभागवत कथा का समापन विवान्ता प्राईवेट अस्पताल व लायंस हास्पीटल द्वारा निशुल्क नेत्र व स्वास्थ्य शिविर द्वारा हुआ। 5000 भक्तो ने महाप्रसाद ग्रहण कर देशभक्ति गीत का आनंद लिया। कथास्थल पर चैतन्य स्कूल के बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी कथावाचक पंडित अनुराग कृष्ण शास्त्री ने कहा कि श्रीमदभागवत कथा का सार है ढाई अक्छर का प्रेम समाजसेवी व जनाधिकार सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप रघुवंशी ने सभी पधारे धर्मप्रेमीबंधुओ का आशीर्वाद लेकर तिलक लगाकर शाल श्रीफल व भगवा गमछे से स्वागत कर सभी का आभार व्यक्त किया । चौरई के लोनीकला मे आयोजित श्रीमदभागवत कथा मे शामिल हुये पूज्य संत कनकबिहारी दास महाराज,पूज्य सीताराम दादा , पूर्व मंत्री चौधरी चन्द्रभान सिहं, पूर्व विधायक पं रमेश दुबे ,भाजपा नेता नत्थन शाह पूर्व प्रत्याशी लोकसभा सासंद छिदंवाडां, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल,जिपं सदस्य लखन वर्मा, पत्रकार गोविदं चौरसिया,ठा दान सिंह पटेल, वीरेन्द्र पटेल,धनीराम रघुवंशी,राम राय,दीपक बंसल,अशोक चौधरी,अमित तुलस्यान शामिल हुए इस अवसर पर मुख्य यजमान श्रीराम सिंह रघुवंशी(पूर्व जिला अध्यक्ष भूमि विकास बैकं) ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा व्यास पीठ की पूजन कर आरती में शामिल हुये। कथा के समापन पर पूज्य गुरुदेव महामंडलेश्वर अलोनी महाराज, चौरई के विधायक सुजीत चौधरी, गोलू लक्ष्मीकातं नागरे बिछुआ, चादं मंडल अध्यक्ष डा कामेन्द्र ठाकुर, भाजयुमो अध्यक्ष आदित्य ठाकुर, बलवीर डेहरिया, रामसिंह पटेल, बंटी पटेल,बैजू वर्मा, प्रीतम पटेल,इन्द्रपाल पटेल, नवीन पटेल, मेरसिहं पटेल, हरभजन पटेल,लेखराम पटेल,असलम भाई, रेवाराम रघुवंशी, नीरज रघुवंशी सरपंच गणेशलाल उपसरपंच दीपक रघुवंशी सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## प्राकृतिक खेती के फील्ड का किया अवलोकन

**छिन्दवाडा ।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में कृषि अधिकारियों द्वारा जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है । इसी तारतम्य में उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा आज जिले के विकासखंड परासिया के ग्राम बरारिया में प्राकृतिक खेती के फील्ड का अवलोकन किया और जीवामृत बनाने की प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया । इस दौरान आंचलिक कृषि अनुसंधान केंद्र के सह संचालक डॉ.विजय पराड़कर, कृषि विज्ञान केन्द्र देलाखारी के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ.आर.सी.शर्मा, अन्य कृषि वैज्ञानिक, कृषि अधिकारी और किसान उपस्थित थे ।

## समर्थन मूल्य से ज्यादा हुये गेंहू के भाव

### 3100 रूपये है, बजार भाव 4,000 रूपये तक जाने की उम्मीद



**छिंदवाड़ा ।** गेहूं के उत्पादन में कमी के चलते एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यवसायिक अस्थिरता के कारण वैश्विक बाजारों के साथ-साथ भारतीय बाजारों में भी गेहूं के दामों में काफी उछाल देखने को मिल रहा है वर्ष 2023 में न्यूनतम समर्थन मूल्य 2125 गेहूं का निश्चित हुआ है किंतु बाजारों में वर्तमान में गेहूं 3100 रुपए से अधिक मूल्य पर बिक रहा है जो न्यूनतम समर्थन मूल्य से लगभग 50त्न अधिक है सरकार के द्वारा पूर्व में ही गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है किंतु गेहूं के दामों में आ रही तेजी को देखते हुए सरकार के द्वारा गेहूं के स्टाक में से 30 लाख टन गेहूं को कोऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से खुली बिक्री के लिए उपलब्ध कराने की योजना बनाई जा रही है, जिससे गेहूं के रेट में बाजार में नई फसल के आने तक नियंत्रण रखा जा सके। जबकि वर्ष 2023 में गेहूं के उत्पादन को लेकर किसान असामंजस्य में है वर्षा ऋतु में अत्यधिक वर्षा होने के कारण इस वर्ष किसानों की गेहूं की फसल की बोनी देर से हुई है ठंड कम पड़ने के कारण एवं तापमान की अधिकता के कारण पानी की कमी की समस्या से किसान को रूबरू होना पड़ रहा है जिससे किसानों का यह मानना है कि इस वर्ष भी गेहूं का उत्पादन औसतन ही होगा। जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अंजू मरावी के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में फसलों का पंजीयन 1 फरवरी 2023 से 25 फरवरी 2023 तक किया जावेगा ॾसमर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी हेतु समिति के लगभग 94 पंजीयन केंद्र होंगे जहां पर जाकर किसान समर्थन मूल्य की बिक्री हेतु अपना पंजीयन निशुल्क करा सकते हैं साथ ही इस बार किसान अपने मोबाइल से किसान ऐप के माध्यम से एमपी ऑनलाइन और सीएससी के माध्यम से भी निर्धारित शुल्क देकर पंजीयन करा सकते हैं पंजीयन हेतु आधार ओटीपी अनिवार्य हागी। स्व सहायता समूह के द्वारा पंजीयन से संबंधित सूचना नहीं होने के कारण स्वसहायता समूहों में समर्थनमूल्य पर गेहूं की बिक्री हेतु पंजीयन का कार्य नहीं होगा।

## चौरसिया महिला समिति ने किया हल्दी कुमकुम का आयोजन



**छिंदवाड़ा ।** चौरसिया समाज महिला समिति द्वारा बसंत पंचमी एवं गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में हल्दी कुमकुम का आयोजन समाज के मंदिर डोमन गुरूबाबा राघकृष्ण मंदिर में किया गया जिसमें श्रीमती ज्योति, रेणुका, किरण, अन्नपूर्णा, संगीता, कल्पना, संध्या, स्मिता, रक्षा, मधु, आशा, नीलू, कल्पू, मीना, नीति, नीता, अनीता, पूजा, पश्मा, पिंकी, रानी, वंदना, मोनिका कंचन रिंकी, ममता, एकता, विनिता, अनुरक्ति, नीता, माया, कांति, मोनू, कल्पना, श्वता, मालती, रूपाली, पूनम, उमा, ऊषा, मीना, ज्योति, कल्पूमानी, प्रभा, सुषमा, कृष्णा, अनीता, निधी, नीलम, खुशी, अर्चना, कविता, रीना, अदिती उपस्थित थी।

## सांस्कृतिक व देशभक्तिपूर्ण रंगारंग प्रस्तुतियों

**छिन्दवाडा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजमाता सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में गत दिवस लोकतंत्र का लोक उत्सव-भारत पर्व विभिन्न सांस्कृतिक व देशभक्तिपूर्ण रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले और पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया ।

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया



**छिंदवाड़ा ।** विद्यार्थियों ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा छात्रों को परीक्षा से तनाव मुक्त होने के सूत्र बताए गए। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम से किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग छिंदवाड़ा द्वारा एमएलबी स्कूल के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 2,000 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साह, उत्सुकता के साथ भाग लेकर गंभीरता के साथ प्रधानमंत्री को सुना । इस अवसर पर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने हेतु श्री विवेक बंटी साहू भाजपा अध्यक्ष, शेषराव यादव, विजय पांडे , अल्केश लांबा, अंशुल शुक्ला, रोहित पॉफली, डीईओ गोपाल सिंह बघेल, सहायक संचालक आई एम भीमनवार, प्राचार्य अवधूत काले ,प्राचार्य भारत सोनी, प्राचार्य दिलीप ढोके,प्राचार्य राजेश सनोडिया सहित गणमान्य नागरिक वा समस्त विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं व स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन, दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदना से किया गया । इस अवसर पर विवेक बंटी साहू ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के महत्व से विद्यार्थियों का अवगत कराया तथा उन्हें तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने एवं अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया । जिले के समस्त शासकीय अशासकीय विद्यालयों में आज लाखों विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा लाइव कार्यक्रम के तहत माननीय प्रधानमंत्री को सुना। कार्यक्रम के पश्चात विद्यार्थियों में नया उत्साह ,उमंग व भयमुक्त होकर परीक्षा देने का वातावरण देखने को मिला।

## कलेक्टर ने किया सी.एम. राइस शाला और छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण

**छिन्दवाडा।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा आज जिले के विकासखंड जुन्नारदेव के दमुआ नगर में संचालित की जाने वाली सी.एम.राइस शाला और छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने शाला निर्माण के लिये प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया और बनने वाली शाला के ड्राइंग डिजाइन के संबंध में एसडीएम जुन्नारदेव श्री एम.आर.धुर्वे, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य श्री सत्येन्द्र सिंह मरकाम और भोपाल से आये कंसलटेंट से चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश दिये । कलेक्टर श्रीमती पटले ने अनुसूचित जाति बालक छात्रावास दमुआ का आकस्मिक निरीक्षण किया और खाद्यान्न सामग्री व रख-रखाव व्यवस्थित किये जाने व पुताई कार्य को गुणवत्तायुक्त तरीके से करने के निर्देश दिये ।

## कांग्रेस की सरकार बनते ही दूर होगी बिजली आपूर्ति की समस्यायें: नकुलनाथ

### गांव में चारपाई पर बैठकर सांसद ने सुना किसानों का दुख-दर्द

**छिन्दवाड़ा ।** जिले के हर वर्ग को अपनी स्मृति में रखकर उनके दुख और दर्द को सुनने व समझने वाले जिले के लोकप्रिय सांसद नकुलनाथ आज अपने पूर्व निर्धारित दौरा कार्यक्रम के मुताबिक छिन्दवाड़ा प्रवास पर पहुंचे। ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व आमजन ने सांसद श्री नकुलनाथ का गर्मजोशी से पुष्पहार व पुष्प गुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया। कांग्रेस के पदाधिकारियों ने उनकी अगवानी की। अपने छिन्दवाड़ा आगमन उपरांत माननीय सांसद नकुलनाथ ने चौरई ब्लॉक के अंतर्गत चौरई एवं चांद क्षेत्र में रोड शो हेतु प्रस्थान किया। अपने लाडले सांसद को अपने बीच में पाकर ग्राम उभेगांव की जनता ने आतिशबाजी, डोल गाजे बाजे के साथ उनका भव्य स्वागत किया। सांसद नकुलनाथ ने दोनों हाथों को जोड़कर अपने संसदीय क्षेत्र की जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया। ग्राम नीलकंठी, परसगांव में रोड शो के माध्यम से आमजन से भेंट की। परसगांव में रोड के दौरान सभा को सम्बोधित करते हुये सांसद नकुलनाथ ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमलावर अंदाज में कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को छल रही है। बिजली के पुराने ट्रांसफार्मरों पर रंग रोगन कर दुबारा लगावा रही है, जिससे वे पूरी क्षमता के साथ काम नहीं कर पा रहे हैं और बार-बार खराब होते हैं। किसानों को अपने खेतों में लगी फसलों की सिंचाई हेतु पर्याप्त व पूर्ण क्षमता के साथ बिजली की आपूर्ति नहीं दी जाती। बाधित बिजली आपूर्ति के कारण किसानों के विद्युत मोटरपंप खराब होते हैं जिससे उन्हें और अधिक आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत वितरण कम्पनियों में कार्यरत संविदा कर्मचारी अपनी जायज मांगों के लिये आंदोलन पर थे किन्तु उनकी हड़ताल अब समाप्त हो चुकी है पर उनकी मांगें अभी भी यथावत है।



सांसद नकुलनाथ ने उपस्थित किसान भाइयों, माताओं, बहनों और युवा साथियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रदेश में काबिज भाजपा की सरकार किसानों को पर्याप्त बिजली आपूर्ति देने में विफल तो है साथ ही समय पर खाद और बीज भी उपलब्ध नहीं करा पाती। सांसद नकुलनाथ ने उपस्थित अपार जनसमूह को आश्वस्त करते हुये कहा कि ठीक आठ माह बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी और मुख्यमंत्री कमलनाथ जी होंगे तब किसानों की बिजली आपूर्ति से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित व ठोस कदम उठाये जावेंगे साथ ही विद्युत वितरण कम्पनियों में कार्यरत कर्मचारियों की मांगों को भी पूरा किया जावेगा।

